

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 229

ग्वालियर, रविवार, 10 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

### उइगर था 100 से ज्यादा को हताहत करने वाला

# अफगान मस्जिद ब्लास्ट की आईएसआईएस ने ली जिम्मेदारी



**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान में शिया मुस्लिम नमाजियों से भरी एक मस्जिद में हाल ही में हुए विस्फोट में 100 से ज्यादा लोग हताहत हुए हैं। इनमें से कम से कम 46 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच, आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने मस्जिद में हुए बम धमाके की जिम्मेदारी ली और कहा कि उसके आत्मघाती हमलावर ने घटना अंजाम दिया। आईएस से जुड़ी एक समाचार एजेंसी ने कुंदुज प्रांत में मस्जिद में दोपहर की नमाज के दौरान हुए विस्फोट की घटना के कुछ घंटे बाद इस दावे की जानकारी दी। अपने दावे में आईएस ने आत्मघाती हमलावर की पहचान एक उइगर मुस्लिम के तौर पर की और कहा कि हमले में शियाओं और तालिबान दोनों को निशाना बनाया गया जोकि चीन से उइगरों की मांगों को पूरा करने में बाधा बन रहे हैं। तालिबान के प्रवक्ता बिलाल करीमी ने बताया कि 46 नमाजियों की मौत हो गई जबकि 143 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच जारी है। इस्लामिक स्टेट समूह के आतंकवादियों का अफगानिस्तान के शिया मुस्लिम अल्संख्यकों पर हमला करने का लंबा इतिहास रहा है। शुक्रवार को जिन लोगों को निशाना बनाया गया था, वे हजारा समुदाय से हैं, जो सुन्नी बहुल देश में लंबे समय से भेदभाव का शिकार बनते रहे हैं। यह हमला अमेरिका और नाटो सैनिकों की अगस्त के अंत में अफगानिस्तान से वापसी और देश पर तालिबान के कब्जे के बाद एक भीषण हमला है। गोजर ए सैयद अबाद मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के दौरान विस्फोट ऐसे समय में हुआ है, जब तालिबान सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश कर रहा है और उसके लिए यह एक नयी सुरक्षा चुनौती है। इससे पहले, कुंदुज प्रांतीय अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा था कि हमले में कम से कम 25 लोग मारे गए, जबकि 51 अन्य घायल हो गए।

## दमोह में ट्राला मकान पर पलटा, 4 की मौत



**भोपाल।** दमोह जिले के बटियागढ़ थानाक्षेत्र के आंजनी टपरिया गांव में अनियंत्रित गिट्टी से भरा ट्राला सड़क किनारे बने कच्चे घर के ऊपर पलट गया। इसमें दो भाई, एक बहन सहित चार लोगों की मौत हो गई। मृतक भाई-बहन के माता-पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में एक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। बताया गया है वह ट्राला में सवार था। इसके अलावा ट्राला चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायलों को 108 एंबुलेंस से रात करीब 11 बजे जिला अस्पताल लाया गया। इनमें से आकाश पुत्र हरिराम अहिरवाल 17, मनीषा पुत्र हरिराम 19, ओमकार पुत्र हरिराम 16 एवं एक अज्ञात युवक को डॉ. विशाल शुक्ला ने मृत घोषित कर दिया। नेहा पत्नी हरिराम अहिरवाल एवं हरिराम पुत्र भूरा अहिरवाल 35 का इलाज जारी है। हादसे में ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसका भी इलाज चल रहा है।

**... तो बच्चों की जान भी बच जाती:** प्रत्यक्षदर्शी राघवेंद्र अहिरवाल के मुताबिक, रात के करीब 8-15 बजे चाची बीड़ी बना रही थी। चाचा पास में बैठे थे। तीनों बच्चे आकाश (17), मनीषा (19), ओमकार (16) मकान की दीवार के पास सो रहे थे। मैं अपने घर के पास खड़ा था। इस बीच तेज आवाज आई और हम लोग जहां से आवाज आई, उस दिशा में दौड़े। आसपास मौजूद लोग भी मौके की तरफ भागे। देखा तो गिट्टी से भरा एक ट्राला चाचा हरिराम के कच्चे मकान पर पलटा पड़ा था। पूरे मकान पर गिट्टी बिखर गई थी।

## खास खबर

### बीजेपी कार्यकर्ताओं की कथित तौर हत्या करने वालों मैं अपराधी नहीं मानता, यह प्रतिक्रिया थी: टिकैत

**नई दिल्ली।** भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि वह उन्हें अपराधी नहीं मानते, जिन्होंने लखीमपुर खीरी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर हत्या की, क्योंकि उन्होंने प्रदर्शनकारियों के ऊपर कार चढ़ाए जाने की प्रतिक्रिया में ऐसा किया।टिकैत ने कहा, लखीमपुर खीरी में कारों के एक काफिले ने चार किसानों को रौंद दिया, जिसके जवाब में भाजपा के दो कार्यकर्ता मारे गए, यह क्रिया के बदले की गई प्रतिक्रिया थी। मैंने हत्या में शामिल लोगों को अपराधी नहीं मानता हूं। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता योगेंद्र यादव ने कहा,हमें लोगों की मौत पर दुख है, चाहे वह भाजपा कार्यकर्ता हों या किसान। यह दुर्भाग्यपूर्ण था और हमें उम्मीद है कि न्याय मिलेगा। किसान नेताओं ने शनिवार को मांग की कि केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा और उनके बेटे को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में गिरफ्तार करें। नेताओं ने कहा कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश थी।यादव ने कहा कि अजय मिश्रा को सरकार से हटा देना चाहिए क्योंकि उन्होंने यह साजिश रची और वह मामले में दोषियों को बचा रहे हैं।

### लखीमपुर हिंसा- आशीष मिश्रा की पेशी के बाद सिद्धू ने अनशन समाप्त किया

**नई दिल्ली।** लखीमपुर हिंसा मामले में भाजपा के खिलाफ अनशन पर बैठे पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने आशीष मिश्रा की पेशी के बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है। उन्होंने कहा कि सत्य की लड़ाई में आज किसानों की जीत हुई है। सत्यमेव जयते। इससे पहले शुक्रवार को सिद्धू ने हिंसा में मारे गए लवप्रीत सिंह के परिजनों को सांत्वना देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि बहुत हुआ, आज अगर आप किसान आंदोलन को देखेंगे तो विश्वास उठ गया है इस सिस्टम (व्यवस्था) पर से। किसान भाइयों का भी विश्वास उठ गया है। मैंने तब भी मांग की थी क्योंकि एफआईआर में नाम है और चश्मदीद गवाह है, मंत्री जी के बेटे को जांच का सामना करना चाहिए नहीं तो गिरफ्तार होना चाहिए। पुलिस अगर चाहे तो बाल की खाल निकाल सकती है। दरअसल, लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा क्राइम ब्रांच के सामने आखिरकार पेश हो गए। दरअसल, पुलिस ने शुक्रवार को सुबह 10 बजे पेश होने को कहा था लेकिन तबीयत का हवाला देते हुए आशीष पेश नहीं हुए। जिसके बाद पुलिस ने दोबारा नोटिस जारी किया।

### आर्यन खान को जेल में नहीं मिला स्पेशल ट्रीटमेंट, 6 बजे जगाया गया

**मुंबई।** मुंबई के समुद्र तट पर क्रूज़ पर हो रही पार्टी में ड्रग्स के आरोपों में पकड़े गए शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान अब एनसीबी की हिरासत से निकलकर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में पहुंच चुके हैं। जेल में आर्यन खान का आज पहला दिन था और यहां उनके साथ कोई स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं हुआ और अन्य कैदियों के साथ ही उन्हें भी सुबह 6 बजे जगा दिया गया। बताया जाता है कि जेल की रूटीन की हिसाब से सभी कैदियों को सुबह 6 बजे जगाया गया, जिनमें आर्यन भी शामिल थे। उन्हें सुबह सात बजे नाश्ते में शीर पोहा खाने के लिए दिया गया। मालूम हो कि आर्यन मुंबई के इस सबसे पुराने जेल आर्थर रोड के बैरक नंबर-1 में बंद हैं। फिलहाल आर्यन 5 यहां दिनों तक कोविड रूल्स के तहत क्वॉरंटीन रहेंगे। आर्यन को अन्य कैदियों की तरह ही जेल रूटीन का पालन करना होगा और उन्हें कोई स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं दी जाएगी।

## सिंचाई के लिए दस घंटे बिजली आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जाए: मुख्यमंत्री श्री चौहान



### सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए

### ट्रांसफार्मरों के फेलीयर रेट का अध्ययन कराएँ

### मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में ऊर्जा विभाग की बैठक सम्पन्न

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को सिंचाई के लिए दस घंटे बिजली आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रदेश में किफायती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सौर ऊर्जा भविष्य का ऊर्जा स्त्रोत है, अत- सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए। एक-दो मेगावॉट तक के प्लांट स्थापित करने को प्रोत्साहन देने के लिए आवश्यक नीति बनाई जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यह निर्देश मंत्रालय में आयोजित रबी फसल के लिए विद्युत आपूर्ति संबंधी ऊर्जा विभाग की बैठक में दिए। बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा संजय दुबे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**राजस्व बढ़ाने के लिए सभी स्तर पर प्रयास आवश्यक:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि बिजली उत्पादन में कोयले पर निर्भरता कम करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाना आवश्यक है। राजस्व बढ़ाने के लिए सभी स्तर पर प्रयास आवश्यक हैं। यदि हम क्वालिटी बिजली का प्रदाय सुनिश्चित करते हैं, तो बिजली बिलों के नियमित भुगतान के लिए जन-सामान्य की मानसिकता बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्रांसफार्मर जल्द खराब होने या जलने की समस्या पर नाराजगी जताते हुए ट्रांसफार्मरों के फेलीयर रेट का अध्ययन कराने के निर्देश दिए।

**ट्रांसफार्मर और कोयले की उपलब्धता के संबंध में हुई चर्चा:** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय अमले में वृद्धि की आवश्यकता बताई। बैठक में रबी सीजन में विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करने, फ्लेक्सी प्लान, ट्रांसफार्मरों और कोयले की उपलब्धता के संबंध में चर्चा हुई। रबी सीजन में अधिकतम विद्युत मांग को दोपहर में शिफ्ट करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

## भारत और डेनमार्क के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और कौशल विकास क्षेत्रों में चार समझौते




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की उनकी समकक्ष मेटे फ्रेडरिक्सन ने स्वास्थ्य, कृषि, जल प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर ''उपयोगी'' बातचीत की।वार्ता के बाद जारी बयान में मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी के तहत हुई प्रगति की समीक्षा कर बहुत सारे क्षेत्रों में सहयोग को आगे और विस्तार देने को लेकर चर्चा की।दोनों पक्षों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और कौशल विकास के क्षेत्रों में चार समझौते भी किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''आज से एक साल पहले, हमने भारत और डेनमार्क के बीच हरित रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। यह हम दोनों देशों की दूरगामी सोच और पर्यावरण के प्रति सम्मान का प्रतीक है।'' भारत और डेनमार्क के प्रधानमंत्रियों के बीच हुए डिजिटल सम्मेलन में हरित साझेदारी को लेकर समझौता हुआ था। इसका उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और विज्ञान व प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने के लिए एक ढांचा तैयार करना है।मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने सहयोग के दायरे का सतत रूप से विस्तार करते रहने और उसमें नए आयाम जोड़ते रहने को लेकर प्रतिबद्धता जताई।









## वन-टू-वन

### अमित मिश्रा को पछाड़ टी20 क्रिकेट में भारत के सबसे सफल गेंदबाज बने पीयूष चावला



**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस का लगातार तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। मुंबई इस मुकाबले में जीती जरूर लेकिन वह प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पाई। इन सबके बीच अनुभवी लेग स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में डेब्यू किया। यह दोनों टीमों का आईपीएल 2021 में अंतिम लीग मुकाबला भी रहा। इन सबके बीच चावला ने अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। चावला टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उत्तर प्रदेश, गुजरात, टीम इंडिया, किंग्स इलेवन पंजाब, कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से टी20 मैच खेल चुके चावला ने इस दौरान अपने हवमतन साथी गेंदबाज अमित मिश्रा को पीछे छोड़ा जो टी20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय थे। चावला ने टी20 क्रिकेट में विकेटों की संख्या 263 पहुंचा दी है। अमित मिश्रा के नाम क्रिकेट के छोटे फॉर्मेट में 262 विकेट हैं। चावला ने यह उपलब्धि अपने 250वें मैच में हासिल किया। जयंत यादव की जगह मुंबई के प्लेइंग इलेवन में शामिल किए गए चावला ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी मोहम्मद नबी को आउट कर यह रेकॉर्ड अपने नाम किया। आईपीएल में चावला ने अपने विकेटों की संख्या 157 तक पहुंचा दी है। वह आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में चौथे नंबर पर हैं। उनसे पहले इस लिस्ट में ड्वेन ब्रावो (165), अमित मिश्रा (166) और लसिथ मलिंगा (170) हैं। मुंबई ने अपने अंतिम लीग मैच में 235 का स्कोर बनाया। उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 171 रन के बड़े अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी। लेकिन उसे अपना बेस्ट देने के बावजूद प्लेऑफ से बाहर होना पड़ा। इस मुकाबले को मुंबई ने 42 रन से जीता।

### कोलकाता नाइट राइडर्स से मुकाबले से पहले कोहली ने कहा, टीम को फील्डिंग के क्षेत्र में सुधार लाना होगा

**दुबई।** आईपीएल 2021 के आखिरी लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया।इसके बाद सोमवार को एलिमिनेटर में आरसीबी का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच समाप्ति के बाद आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने फील्डिंग के क्षेत्र में सुधार पर बल दिया।कोहली ने कहा, हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन यह कांटेदार मुकाबला था, जो आईपीएल में हमेशा होता है।हमारी टीम ने दिल्ली को इस साल अब तक दो बार हराया है।एबी ने शुरुआत में जिस तरह से बल्लेबाजी की और बाद में भरत और मैक्सवेल ने जो बैटिंग की, वह अविश्वसनीय था। इस जीत से एक बात पूरी तरह स्पष्ट है कि हम किसी भी परिस्थिति में मैच जीत सकते हैं। कोहली ने बताया, हमने टूर्नामेंट में ज्यादा लक्ष्य का पीछा नहीं किया है। नंबर तीन हमारे लिए कोई समस्या नहीं रहा है।हम क्रिश्चियन को कुछ समय देना चाहते थे क्योंकि वह मध्यक्रम में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। हमने वह चांस लिया और वह सही नहीं बैठा।हम जानते थे कि केएस भरत एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी समय तीसरे नंबर पर आ सकते हैं। कोहली ने कहा, %मुझे लगता है कि हमें फील्डिंग में और सुधार लाने की जरूरत है। कभी-कभी निर्णायक क्षणों में बांउड्री चले जाने का आपको खामियाजा झेलना पड़ सकता है। इस तरह की जीत आपको आत्मविश्वास देती है, हमने शारजाह में अच्छा खेला है।अगर चीजें हमारे हाथ से निकल गई हैं,तब हम परिस्थितियों को संभालने और विपक्षी टीम को काबू में रखने में सक्षम हैं।हमारे पास पहले से ही इसका अनुभव है और इस टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए हमें इसका यथासंभव उपयोग करना होगा।

### एनसीएलटी ने श्रेई ग्रुप की दो कंपनियों के खिलाफ दिवाला याचिकाएं स्वीकार की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने श्रेई ग्रुप की दो कंपनियों के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की याचिकाओं को स्वीकार कर लिया। रिजर्व बैंक ने दो गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस और श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस के खिलाफ एनसीएलटी की कोलकाता पीठ में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। एनसीएलटी की दो सदस्यीय पीठ ने मामलों की सुनवाई की। केंद्रीय बैंक ने अपने वकील के माध्यम से याचिकाएं दायर की हैं। बकील ने कहा कि उन्होंने एनसीएलटी पीठ के समक्ष रिजर्व बैंक की ओर से दलीलें पेश कीं। दोनों कंपनियों पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों का 30,000 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। इससे पहले बंबई उच्च न्यायालय ने दोनों कंपनियों पर रिजर्व बैंक की कार्रवाई के खिलाफ श्रेई ग्रुप द्वारा दायर याचिका को सात अक्टूबर को खारिज कर दिया था। श्रेई ग्रुप ने अपनी दोनों कंपनियों के निदेशक मंडलों को हटाने और उनके खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने के केंद्रीय बैंक के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

### टीसीएस का मुनाफा 14 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 9624 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि अर्जित लाभ की तुलना में 14.1 प्रतिशत अधिक है।

# ईशान किशन बोले- विराट ने बोला था, आप ओपनिंग के लिए तैयार रहो

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के शानदार और जानदार बल्लेबाज ईशान किशन ने आईपीएल-2021 के अंतिम लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को ताबड़तोड़ 84 रन की तूफानी पारी खेली। मुंबई ने इस मैच को 42 रन से जीता। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली गत चैंपियन टीम ने 9 विकेट पर 235 रन बनाए जिसके बाद हैदराबाद 8 विकेट पर 193 रन बना पाया। ईशान को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने फिर खुलासा किया कि टी20 वर्ल्ड कप में उन्हें बतौर ओपनर चुना गया है जो खुद कप्तान विराट कोहली ने उनसे कहा था। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। इसमें 2 विकेटकीपर शामिल हैं जो ऋषभ पंत और ईशान किशन हैं। ईशान ने हालांकि कहा कि विराट ने उनसे कहा था- आपको बतौर ओपनर टीम में चुना गया है और उसके लिए तैयार रहो। ईशान ने मैन ऑफ द मैच बनने के बाद कहा, 'टी20 विश्व कप से पहले अच्छी फॉर्म में आने के लिए यह बहुत बेहतर है कि मैंने अपनी टीम (एमआई) के लिए कुछ रन बनाए। आज बहुत सकारात्मक रहा। हमें लगभग 250-260 के आसपास पहुंचना था, यह सकारात्मक इरादा था।' उन्होंने कहा, 'मुझे ओपनिंग करना अच्छा लगेगा और यही विराट भाई ने कहा- आप एक ओपनर के रूप में चुने गए हैं, आपको बस उसके लिए तैयार रहना होगा। मुझे लगता है कि बड़े स्तर पर, आपको हर उस स्थिति के लिए तैयार रहने की जरूरत है।' टी20 वर्ल्ड कप का आगाज 17 अक्टूबर से होना है जिसकी मेजबानी यूएई और ओमान कर रहे हैं।



ईशान ने आगे कहा, 'इस टूर्नामेंट में आपको हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना होता है। सही मानसिकता में होना महत्वपूर्ण है और आपको अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म के साथ मैदान पर उतरने की जरूरत है। विराट भाई से मेरी अच्छी बातचीत हुई, जसप्रीत भाई ने भी मेरी मदद की। सभी ने मेरा समर्थन किया और उन्होंने कहा कि यह आपके लिए सीखने का चरण है, सुनिश्चित करें कि आप यहां से सीखकर जाएं और आगामी विश्व कप के मैचों में उस तरह की गलतियां ना करें।

### खिलाड़ियों के चयन के नाम पर पैसे लेने का मामला, सीएयू सवालों के घेरे में

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन पर खिलाड़ियों के चयन के नाम पर पैसे लेने के मामले में बवाल छिड़ा है ऐसे में क्रिकेट एसोसिएशन में रहे कई पदाधिकारी खुलकर जांच की मांग करने लगे हैं। उनका आरोप है कि एसोसिएशन में खिलाड़ियों के चयन के नाम पर पैसे लिए जाते हैं। कुछ खास लोगों के बच्चों को ही खेलने का मौका दिया जाता है। इस तरह की मांग उठ रही है कि मामले की जांच निष्पक्षता के साथ होनी चाहिए। असल में यह पूरा मामला तब सामने आया, जबसे एक एकेडमी संचालक हरियाणा के गुरुग्राम में पकड़ा गया। दरअसल देहरादून में एकेडमी चलाने वाले कुलदीप रावत उर्फ कुलबीर रावत को गुरुग्राम पुलिस ने इसी हफ्ते पकड़ा। बताया जाता है कि रावत ने जांच में उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के नाम का खुलासा किया। ऐसे में, जांच के दायरे में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के कई पदाधिकारी हैं। वहीं, अभी तक उत्तराखंड पुलिस का कहना है कि उनके पास जांच के लिए कहीं से संपर्क नहीं किया गया है।

### यूएस ओपन चैंपियन रादुकानू लगातार सेटों में हारकर बाहर

**इंडियन वेल्स।** यूएस ओपन में चमत्कारी प्रदर्शन करके खिताब जीतने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही एम्मा रादुकानू बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में अलियाक्सांद्रा सासनोविच से सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गई। रादूकान ने मैंच गंवाया,इससे उनका लगातार 10 मैच जीतने का अभियान भी थम गया। उन्हें एटीपी एवं डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। बेलारूस की 27 वर्षीय सासनोविच विश्व रैंकिंग में 100वें नंबर पर हैं। वह पिछले माह यूएस ओपन के युगल सेमीफाइनल में पहुंची थी, जबकि रादुकानू क्वालीफाईंग से शुरुआत करके 18 साल की उम्र में चैंपियन बनी थी। अन्य मैचों में इगा स्वियातेक ने पेत्रा मैट्रिच को सीधे सेटों में पराजित किया।

# हार्दिक की फिटनेस को लेकर रोहित का बड़ा बयान, मुझे नहीं लगाता वहां भी गेंदबाजी कर सकते हैं



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप के शुरू होने में कुछ ही दिन शेष हैं।लेकिन हार्दिक पंड्या की फिटनेस को लेकर अभी भी संदेह बना हुआ है।हार्दिक विश्व कप में गेंदबाजी करने वाले हैं, यहां फिर नहीं। अब तक सवाल का जवाब नहीं मिल सका है। इस बीच, मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने हार्दिक की गेंदबाजी को लेकर जो खुलासा किया है।वहां टीम इंडिया की परेशानी बढ़ाने वाला है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले के बाद रोहित ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हार्दिक अभी भी गेंदबाजी में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हार्दिक ने आईपीएल के दूसरे हाफ में एक भी गेंद नहीं फेंकी।इसके बाद टी20 विश्व कप में उनके गेंदबाजी करने की उम्मीद बेहद कम है।रोहित ने कहा कि हार्दिक ने अभी तक गेंदबाजी नहीं शुरू की।फिजियो, ट्रेनर्स और मेडिकल टीम गेंदबाजी को लेकर उनके साथ काम कर रही है। अब तक, मुझे केवल इतना पता है कि उन्होंने अभी तक एक भी गेंद नहीं फेंकी है। हार्दिक ने आज के मुकाबले में भी गेंदबाजी नहीं की।लेकिन हार्दिक हर गुजरते दिन के साथ बेहतर हो रहे हैं।इसलिए, अगले एक हफ्ते में उम्मीद है कि वहां गेंदबाजी के लिए तैयार हो जाएं। हालांकि, इस पर असली अपडेट डॉक्टर या फिजियो ही दे पाएंगे।

हार्दिक की फिटनेस का असर गेंदबाजी के अलावा बल्लेबाजी पर भी पड़ता दिख रहा है। कम से कम आईपीएल 2021 के दूसरे हाफ में ऐसा ही नजर आया। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित ने कहा कि हार्दिक भी आईपीएल 2021 में अपनी बल्लेबाजी को लेकर खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हार्दिक की बल्लेबाजी का सवाल है, हां वह थोड़ा निराश हैं, लेकिन वह शानदार खिलाड़ी हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है, और वह पहले भी कठिन परिस्थितियों से वापसी कर चुके हैं।

हार्दिक ने आईपीएल 2021 में 12 मैच में 14.11 के औसत से सिर्फ 127 रन बनाए। उन्होंने पिछले 4 सीजन में सबसे कम रन बनाए।इस साल वहां आईपीएल में एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 40 रन रहा। हार्दिक के फीके प्रदर्शन का असर मुंबई इंडियंस पर भी पड़ा और लगातार दो बार से आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम इस बार प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच सकी।

# विराट कोहली के दिल्ली दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत को अविश्वसन बताया



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि आईपीएल अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत अविश्वसनी रही है।रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 165 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीकर भरत (नाबाद 78 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 51 रन) की शानदार अर्धशतकीय पारियों से तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मैच जीता।इन दोनों ने दिल्ली कैपिटल्स के खराब फील्डिंग का पूरा फायदा उठाकर अंतिम गेंद पर टीम को जीत दिलाई। अब प्लेऑफ में आरसीबी की भिड़ंत कोलकाता नाइट राइडर्स से होगी।विराट कोहली और आरसीबी के पास पहली बार आईपीएल चैंपियन बनने का सुनहरा मौका है। कोहली ने कहा, अविश्वसनीय, यह एक ऐसा मैच था जिसमें हमारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं था लेकिन फिर भी शुरुआती विकेट खोने के बावजूद तालिका के शीर्ष पर चल रही टीम के खिलाफ जीत दर्ज करना अच्छा है।हमने उन्हें इस सीजन में दो बार हराया है।उन्होंने भरत और मैक्सवेल की तारीफ कर कहा, जिस तरह से डिविलियर्स और श्रीकर भरत ने पहले बल्लेबाजी की वह अच्छी थी। और फिर मैक्सी और केएस के बीच साझेदारी शानदार थी। कोहली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के फैसले पर कहा, ''लक्ष्य का पीछा करने से आपको प्लेऑफ में जाने के लिये एक अलग तरह का आत्मविश्वास मिलता है।और हमारे द्वारा टूर्नामेंट में ज्यादा लक्ष्य का पीछा नहीं किया है इसलिए दूसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी करना भी महत्वपूर्ण था।

### भारत में नई टीवीएस जुपिटर 125 लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में जानीमानी टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी नई टीवीएस जुपिटर 125 को लॉन्च कर दिया है। नई टीवीएस जुपिटर 125 के शीट मेटल वैरिएंट की दिल्ली एक्स-शोरूम कीमत 73,400 रुपये है। वहीं, इसके ड्रम अलॉय वैरिएंट की कीमत 76,800 रुपये है। जबकि, इसके डिस्क वैरिएंट की कीमत टीवीएस जुपिटर 125 81,300 रुपये है। 125 सीसी सेगमेंट में यह कंपनी की टीवीएस एनटोर्क 125 के साथ शामिल हो गई है। इसमें टीवीएस जुपिटर 110 जैसा ही व्हीलबेस मिलेगा, लेकिन नया मॉडल ज्यादा लंबा और चौड़ा है। इसके अलावा इसमें कई सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स दिए गए हैं।टीवीएस जुपिटर 125के लुक की बात करें तो इसके फ्रंट में एलईडी हेडलैंप के साथ इंटीग्रेटेड इंडीकेटर्स दिए गए हैं। इसके इंडीकेटर्स में एलईडी गाइडलाइट्स दिए गए हैं, जो स्कूटर को एक नया सिग्नेचर लुक देते हैं। इसके टेललाइट्स में पहले जैसे ही एलईडी पैटर्न दिए गए हैं, जो इसके लुक को शानदार बनाते हैं। इसके टॉप डिस्क ब्रेक वैरिएंट्स के फ्रंट में एप्रोन, हेडलैंप, साइड पैनल्स और एग्जॉस्ट मफलर में क्रोम दिए गए हैं। इस स्कूटर में ऑल-मेटल बॉडी दी गई है। भारतीय बाजार में टीवीएस जुपिटर 125 तीन कलर में बिक्री के लिए उपलब्ध है। इनमें ऑरेंज, ब्लू और ग्रे शामिल हैं। टीवीएस जुपिटर 125 के पावर परफॉर्मेंस की बात करें तो इसमें पावर के लिए 124.8 सीसी की सिंगल सिलिंडर, 2 वाल्व, 4-स्ट्रोक, एयर कूल्ड इंजन दिया गया है। इसका इंजन 6500 आरपीएम पर 8.04 की मैक्सिमम पावर और 4500 आरपीएम पर 10.5 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। इसका इंजन सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से लैस है। भारतीय बाजार में टीवीएस जुपिटर 125 का सुजुकी एक्सेस 125, होंडा एक्टीवा 125 और यामाहा फासीनो 125 जैसे स्कूटरों से सीधा और कड़ा मुकाबला है।




# इस महीने पेट्रोल 2.20 और डीजल 2.60 रुपए महंगा

### पेट्रोल 30 और डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा



**मुंबई।** वै?श्विक बाजार में कच्चे तेल में शुक्रवार को रही तेजी के बीच शनिवार को लगातार पांचवें दिन घरेलू स्तर पर पेट्रोल 30 पैसे प्रति लीटर और डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। इस बढ़त के बाद दिल्ली में पेट्रोल 103.84 रुपए प्रति लीटर और डीजल भी 92.47 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। मुंबई में पेट्रोल 109.83 रुपए और डीजल 100.29 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। लगातार पांच दिनों की तेजी के बाद इस सप्ताह के पहले दिन सोमवार को इन दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था लेकिन मंगलवार से इन दोनों में वृद्धि की जा रही है। राजधानी दिल्ली में इनकी कीमतें अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। इस महीने अब तक पेट्रोल 2.20 रुपए महंगा हो चुका है। वहीं डीजल भी 2.60 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। इस महीने के एक दिन को छोड़ दें तो हर रोज डीजल महंगा हुआ है। इस दौरान पेट्रोल के मुकाबले डीजल ज्यादा महंगा हुआ है। दूसरी ओर इस समय कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर से 82 डॉलर के पार पहुंच गई है। ऐसे में जल्द ही तेल के दाम में कटौती की संभावना नहीं दिख रही है। देश के प्रमुख शहरों में श?निवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार है- दिल्ली पेट्रोल 103.84 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 92.47 रुपए प्र?ति??लिटर, मुंबई में पेट्रोल 109.83 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 100.29 रुपए प्र?ति??लिटर, चेन्नई में पेट्रोल 101.27 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 96.93 रुपए प्र?ति??लिटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.52 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 95.58 रुपए प्र?ति??लिटर, भोपाल में पेट्रोल 112.38 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 101.54 रुपए प्र?ति??लिटर मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल उफान मार रहा है। एक ओर कच्चे तेल की मांग बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर इसकी सप्लाई का सही इंतजाम नहीं है। इसी वजह से कल अंतरराष्ट्रीय बाजार में बाजार डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमतें करीब ढ़ाई फीसदी चढ़ गई। नवंबर 2014 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जबकि अमेरिकी क्रूड का दाम 80 डॉलर प्रति बैरल के पार गया। हालांकि कारोबार की समाप्ति तक यह टिका नहीं रहा और उस समय फिर फिसल कर 80 डॉलर के नीचे आ गया। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार में ब्रेंट क्रूड 0.44 डॉलर तेज हो कर 82.39 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 1.05 डॉलर बढ़ कर 79.35 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ।

# मारुती सुजुकी कंपनी टॉप पोजिशन बरकरार

### सितंबर 2021 में भी टॉप 2 कारों में मारुति की कारें रही




**नई दिल्ली।** मारुती सुजुकी कंपनी ने मार्केट में अपनी टॉप पोजिशन बरकरार रखी है और सितंबर 2021 में भी टॉप 2 कारों में मारुति की कारें रही हैं, जो कि मारुती अल्टो और मारुती सुजुकी इरटीगा है। आज हम आपको भारत में पिछले महीने बिकीं टॉप 20 कारों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने मुश्किल समय में भी अच्छा परफॉर्म किया। टॉप 20 बेस्ट सेलिंग कारों की बात करें तो पिछले महीने, यानी सितंबर 2021 में सबसे ज्यादा मारुती अल्टो की 12,143 यूनिट बिकी। इसके बाद मारुती इरटीगा की 11,308 यूनिट बिकी।

इसके बाद ?किआ सेल्टास का नंबर आता है, जिसकी कुल 9,583 यूनिट बिकी। चौथे नंबर पर रही टाटा नेक्सन की कुल 9,211 यूनिट बिकी। इसके बाद हयूदै क्रेटा का नंबर आता है, जिसकी कुल 8,193 यूनिट पिछले महीने बिकी है। मारुती बलेनो की सितंबर 2021 में कुल 8,077 यूनिट बिकी है। वहीं बेस्ट सेलिंग कारों की लिस्ट में सातवें नंबर पर काबिज हयूदै वेन्यू की 7,924 यूनिट बिकी। इसके बाद मारुती इको की कुल 7,844 यूनिट बिकी। मारुती वेगनआर की कुल 7,632 यूनिट बिकी। 10वें नंबर पर मौजूद टाटा अल्ट्राज की कुल 5,772 यूनिट बिकी। टॉप 20 बेस्ट सेलिंग कारों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हयूदै आई20 है, जिसकी कुल 5,153 यूनिट बिकी हैं। इसके बाद टाटा ?टियागो की कुल 5,121 यूनिट बिकी। वहीं टोयोटा इनोवा की पिछले महीने 4,724 यूनिट बिकी। ?किआ सोनेट की 4,454 यूनिट बिकी। वहीं हयूदै आई10 ?नियोज की 4,168 यूनिट बिकी। मारुती एक्सएल6 की 3,748 यूनिट बिकी। महिंद्रा की धांसू मिड साइज एसयूवी म?हिंद्रा एक्सूयवी 300 की कुल 3,693 यूनिट पिछले महीने बिकी है।

होंडा ?सिटी की कुल 3,348 यूनिट बिकी हैं। वहीं म?हिंद्रा थार की 3,134 यूनिट और हयूदै औरा की कुल 2,821 यूनिट बिकी हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि टॉप 20 कारों की लिस्ट में एमजी मोटर्स की एक भी कार नहीं है। बता दें ?कि भारत में ऑटोमोबाइल कंपनियों के लिए मौजूदा समय ठीक नहीं चल रहा है और सेमीकंडक्टर की कमी की वजह से प्रोडक्शन और सेल्स पर इसका बुरा प्रभाव पड़ा है।

### टेस्ला के भारत में ईवी वाहन उतारने की खबर, टाटा ने भी बनाई मजबूत योजना

**नई दिल्ली।** विश्व के सबसे धनाढ्य और टेस्ला के मालिक एलन मस्क भारत में अपनी इलेक्ट्रिक कार पेश करने की योजना बना रहे हैं। लेकिन उन्हें टक्कर देने के लिए टाटा ग्रुप ने भी कमर कस ली है। अपने इलेक्ट्रिक वीकल्स (ईवी) को पंख देने के लिए टाटा मोटर्स ने बड़ी योजना बनाई है। सूत्रों के मुताबिक प्राइवेट इक्विटी ग्रुप टीपीजी टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वीकल्स डिवीजन में 1 अरब डॉलर का निवेश कर सकता है। वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स अपने पैसेंजर वीकल्स डिवीजन को एक सहयोगी कंपन में ट्रांसफर करने की प्रक्रिया में है। इसमें ईवी पोर्टफोलियो भी शामिल है। इसके लिए कंपनी को मार्च में शेयरहोल्डर्स से मंजूरी मिल गई थी। टीपीजी का निवेश 1.5 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इसके लिए टाटा मोटर्स के ईवी डिवीजन की वैल्यू 8 से 9 अरब डॉलर लगाई जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक निवेश की राशि और वैल्यूएशन पर अभी तक अंतिम फैसला नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि इस बारे में इसी महीने औपचारिक घोषणा हो सकती है। टाटा ग्रुप साथ ही अबु धाबी इनवेस्टमेंट अथॉरिटी और सऊदी अरब के पीआईएफ जैसे कुछ सॉवरेन वेल्थ फंड्स के साथ भी बातचीत कर रहा है। लेकिन माना जा रहा है कि उनका निवेश टीपीजी की तुलना में कम होगा। टीपीजी को एंकर इनवेस्टर का दर्जा मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक टाटा ग्रुप ने साथ ही केलीफोर्निया पब्लिक रिटायरमेंट सिस्टम (केलपर्स) से भी बातचीत कर रहा है। इनमें से कई निवेशक टीपीजी कैपिटल के लिमिटेड पार्टनर्स (एलपी) हैं।

# किसानों की आड़ में लाशों पर ओछी राजनीति न करें कांग्रेस : दुबे

## खीमपुर खीरी में हायतौबा मचाने वाली कांग्रेस कश्मीर में हत्या करने वाले आतंकियों पर चुप क्यों?

**भिण्ड।** लखीमपुर खीरी मसले पर विरोध में उतरी कांग्रेस को भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने जमकर लताड़ा है। डॉ रमेश दुबे ने प्रेसनोट जारी करते अपने वक्तव्य में कहा कि अपने कुकर्मों की वजह से कहीं की न बची कांग्रेस पार्टी अब ओछेपन पर उतर आई है, पैरों तले जमीन खिसकने के बाद खड़ी न रह पाने वाली कांग्रेस अब किसानों को बैसाखी बनाना चाहती है और किसानों को आगे करके अपनी राजनीति चमकाना चाहती है।

डॉ दुबे ने कहा कि लखीमपुरखीरी में जो घटना घटित हुई है उसमें योगी सरकार पूर्ण निष्पक्षता के साथ कानूनी कार्यवाही कर रही है, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कहा है कि जांच के बाद जो भी दोषी होंगे उन्हें बक्शा नहीं जाएगा लेकिन कांग्रेस को केवल 4 ही मौतें दिखाई दे रही हैं,जबकि वहां पर घटित घटनाचक्र में 8 हत्याएं हुई थीं, डॉ दुबे ने कहा कि कांग्रेस केवल 4 लोगों की हत्याओं की बात करती है



जबकि मारे तो 8 लोग गए थे,उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्या अन्य 4 लोग जिनकी भी हत्या की गई,क्या वो इस देश के नागरिक नहीं थे,क्या उनकी हत्या कांग्रेस के लिए कोई मायने नहीं रखती, अगर कांग्रेस खुद को गांधीवादी कहती है तो सत्य को अंगीकार करे और सभी 8 मृतकों को न्याय दिलाने की बात करें,लेकिन ऐसा नहीं होगा क्योंकि ऐसा करने से कांग्रेस को जो मौका राजनीति चमकाने के मिला है वो हाथ से निकल जायेगा और उसकी सच्चाई की पोल खुल जाएगी।

डॉ दुबे ने कहा कांग्रेस की कथनी करनी के बारे में जनता भलीभांति जानती है लेकिन अब जनता को कांग्रेस की बदनीयती के बारे में भी जानना होगा, जो कांग्रेस लखीमपुरखीरी में बेमतलब का हो हल्ला मचाये हुए है वो जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के द्वारा लगातार की जा रही हिंदुओं की हत्याओं पर मौन क्यों साधे हुए है, क्या कश्मीर भारत का अंग नहीं है,क्या कश्मीर के वाशिंदे भारत के नागरिक नहीं हैं। कश्मीर में हो रही हिंदुओं की हत्याओं पर कांग्रेस का मौनव्रत उनकी बदनीयती और दोहरे चरित्र को दर्शाता है।

डॉ दुबे ने कहा कि एक तरफ चीन आये दिन सीमा पर अपनी नीच हरकतें बन्द नहीं कर रहा है और दूसरी तरफ पाकिस्तान हर रोज नई साजिशें तैयार कर कश्मीर के अमन चैन को खत्म करना चाहता है,ऐसे में देश के सभी नागरिकों को देश को एकसूत्र में पिरोने का काम करना चाहिए लेकिन कांग्रेस देश को तोड़ने के लिए बवंडर फैलाये हुए है।

डॉ दुबे ने कांग्रेस को कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि अपना अस्तित्व खो चुकी कांग्रेस को बजाय राष्ट्रविरोध के राष्ट्रधर्म निभाना चाहिए और अपनी नियत ठीक करना चाहिए, अलगाववादी ताकतों का साथ देने की बजाय देश का साथ देना चाहिए नहीं तो आने वाले समय मे कांग्रेस का नाम लेने वाला भी कोई नहीं बचेगा और कांग्रेस इतिहास की पौराणिक कथाओं की तरह दर्ज होकर रह जायेगी।

## बुलेरो गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**भिण्ड।** लहार थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुरा में बुलेरो गाड़ी खड़ी करने को लेकर झगडा हो गया, दोनों पक्षों ने एक दूसरे को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियादी पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 6 बजे अजय पुत्र स्व. लाखनसिंह सेंगर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुरा में बुलेरो गाडी खड़ी करने को लेकर झगड़ा हो गया और आरोपी सीतू, सुमेर राजावत, ब्रजपाल राजावत ने मारपीट कर गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष के फरियादी ब्रजपालसिंह पुत्र करनसिंह राजावत ने भी रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अजय सेंगर, इन्द्रपाल सेंगर ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्ष पर क्रॉस कायमी कर ली है।

## चोरों ने एक मकान को बनाया निशाना

**भिण्ड।** दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम घनौरा में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया और सोने-चांदी के जेबरात सहित नगदी पार कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह 1 बजे अज्ञात चोरों ने उसके मकान में धाबा बोलकर सोने-चांदी के गहने सहित नगदी पार कर दी, पुलिस के अनुसर कुल 30 हजार रुपये की चोरी होनो बताया गया

## दुर्घटना के इंतजार में विधुत विभाग

**भिण्ड।** नेशनल हाईवे पर नहर के पास आईआईडीसी के स्वागत द्वार पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से विजली चोरों के द्वारा गोहद से आई लाइन में से नहर के पास बने मकानों दुकानों में तार व डोरी डालकर लाइट जलाई जा रही है जिसमें तार व डोरी शार्ट होने से स्वागत द्वार में करंट आ रहा है इसकी शिकायत कई बार लोगों के द्वारा विद्युत विभाग में की जा चुकी है 5 अक्टूबर की शांति समिति की बैठक में देवेंद्र शर्मा व परमाल सिंह तोमर के द्वारा थाना प्रभारी विनोद सिंह कुशवाहा जी को विद्युत विभाग की लापरवाही से अवगत कराया गया था उन्होंने तत्काल विद्युत विभाग में फोन किया कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दूसरे दिन का आश्वासन देकर वापस आ गए तब से अभी तक दोबारा कोई देखने को भी नहीं गया है सितंबर के महीने में 5 तारीख को लहचुरा में सुल्तान सिंह बघेल की साठ हजार रु कीमत की भैंस और 14 तारीख को माहों गांव में पुच्ची पुत्र शुघर सिंह की मौत विद्युत विभाग की लापरवाही से हो चुकी है मगर विद्युत विभाग घटनाओं से कोई भी सीख लेने को तैयार नहीं है और आंख कान बंद करके दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं इस सवाल पर डी ई गोहद सचदेवा से बात करना चाहा तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ क्योंकि गोहद की लाइन से मालनपुर के कर्मचारियों के द्वारा चोरी कराई जा रही है।



### इनका कहना है:

मेरे द्वारा भी अवगत करा दिया गया है कार्रवाई निश्चित है।

**विनोद सिंह कुशवाह**
थाना प्रभारी मालनपुर

# मद्य निषेध सप्ताह अंतर्गत पेम्पलेट प्रदर्शनी लगाकर किया जागरुक

**भिण्ड।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत महात्मा गांधी जी की जयंती पर 02 अक्टूबर 2021 से 08 अक्टूबर 2021 तक मद्य निषेध सप्ताह मनाये जाने के क्रम में जिले के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में जिले के समस्त थानों के माध्यम से समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति एवं उसके दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराने व नशे की रोकथाम हेतु जनजागृति अभियान से चेतना के निर्माण बावत स्वयंसेवको सामाजिक संस्थाओं एवं स्कूल / कॉलेज के विद्यार्थियों को वॉलिन्टियर बनाते हुए सभी थाना चौकी, बीट के पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण को सुपरवाईजरी वॉलिन्टियर बनाकर मद्य निषेध सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनजागरण अभियान, नशामुक्ति रैली, प्रश्नमंच, संवाद, व्याख्यानमाला, नशामुक्ति साहित्य, पेम्पलेट, पोस्टर निर्माण व वितरण, स्लोगन, बैनर प्रदर्शन



एवं प्रदर्शनी आदि के कार्यक्रम पूरे जिले में स्कूल / कॉलेजों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से आयोजित किये गये। इसी क्रम में बीते शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे पुलिस लाइन भिण्ड के सामुदायिक भवन में मुख्यालय पुलिस के अधिकारी / कर्मचारीगण की उपस्थिति में मद्य निषेध सप्ताह से संबंधित पोस्टर, बैनर एवं पेम्पलेट, प्रदर्शनी लगायी जाकर एक कार्यशाला / परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें शराब एवं अन्य नशों के संबंध में वक्तागण इकबाल अली, व्याख्याता चौधरी दिलीप सिंह कन्या महाविद्यालय भिण्ड एवं समाजसेवी सुनील दुबे, अध्यक्ष चौधरी रूपनारायण समाजसेवी संस्था द्वारा विस्तार से प्रकाश डाला गया। जिसमें शराब की लत एवं अन्य नशों की शुरूआती प्रवृत्ति एवं उसके दीर्घकालीन दुष्परिणामों तथा निदान के उपाय व उपचारों की व्याख्या की गई। कार्यशाला में यातायात थाना के सउनि0 संतोष अवस्थी द्वारा नशे के प्रभावों को दर्शाते हुए संदेशात्मक कवितापाठ किया गया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक रजनी सिंह गुर्जर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित रहकर उसकी व्यवस्थाओं को संभालते हुए अपने विचार व्यक्त करने के साथ-साथ पुलिस बल को भी नशे से दूर रहने की नसीहत देकर अतिथि वक्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर0 रामकुमार पाण्डेय पुलिस लाइन भिण्ड द्वारा किया गया।

# नर्स और आशा कार्यकर्ता कमीशन को लेकर भिड़े



**भिण्ड।** शहर के हाउसिंग कॉलोनी स्थिति एक नर्सिंग होम में कमीशन को लेकर अस्पताल की नर्स और आशा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गई। इस दौरान दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई। आशा कार्यकर्ता ने जिला अस्पताल में पदस्थ दो डॉक्टर पर कमिशनखोरी समेत कई गंभीर आरोप लगाए, साथ ही हॉस्पिटल प्रबंधन के खिलाफ कोतवाली में शिकायत की। वहीं मारपीट का वीडियो भी हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर के हाउसिंग कॉलोनी स्थिति एक निजी अस्पताल में कमीशन को लेकर अस्पताल की नर्स और आशा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गई। इस दौरान दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई। आशा कार्यकर्ता ने जिला अस्पताल में पदस्थ दो डॉक्टर पर कमिशनखोरी समेत कई गंभीर आरोप लगाए, साथ ही हॉस्पिटल प्रबंधन के खिलाफ कोतवाली में शिकायत की। वहीं मारपीट का वीडियो भी हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डॉक्टर्स पर गंभीर आरोप आशा कार्यकर्ता का आरोप है कि जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर के.के गुप्ता और उनकी पत्नी आशा कार्यकर्ताओं पर जबरन दबाव बनाकर मरीजों को उनके निजी अस्पताल में भर्ती कराने का कहते हैं। मरीजों को डॉक्टर्स के निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बदले में आशा कार्यकर्ता को कुछ कमीशन दिया जाता है। महंगे टेस्ट के नाम पर मरीजों को ठगा भी जाता है. शुक्रवार को भी ऐसा ही हुआ। प्रसूता को भर्ती कराने के बाद उससे 28 हजार रुपए जमा कराए गए। 22 हजार रुपए जांच के लिए ले लिए गए, लेकिन जब आशा कार्यकर्ता द्वारा कमीशन मांगा गया, तो उसके साथ पूरे अस्पताल स्टाफ ने मारपीट की. आशा कार्यकर्ता ने डॉक्टर दंपति पर अस्पताल में भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध करने के भी आरोप लगाए। अस्पताल को नोटिस जारी, आरोपी डॉक्टर दम्पति के दर्ज होंगे बयान इस मामले में संबंधित नर्सिंग होम संचालकों को नोटिस जारी किया गया है

# सड़क दुर्घटना में घायल अवस्था में मिला व्यक्ति, डायल -100 ने पहुंचाया अस्पताल

**भिण्ड।** जिले के थाना पावई भिंड के अंतर्गत सुनार पूरा रोड के पास एक एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है सूचना डायल -100 वाहन में तैनात स्टाफ द्वारा राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में 08 अक्टूबर को रात्री 11:30 बजे दी गई । उक्त सूचना प्राप्ति पर राज्य स्तरीय डायल -100 पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल द्वारा डायल-100 वाहन क्र. 17 को तत्काल मदद के लिए आदेशित किया गया । डायल-100 एफ.आर.व्ही. मे तैनात आरक्षक विवेकानंद शर्मा और पायलेट मदन किशोर ने घटना स्थल पर पहुँच कर बताया की एक व्यक्ति बृजकिशोर निवासी सोनपुरा उम्र 35 वर्ष सड़क पर घायल अवस्था में मिला था जिसे तत्काल डायल -100 वाहन की सहायता से जिला चिकित्सालय भिण्ड लेकर आये जहां घायल का



# कांशीराम साहब का 15 वां महापरिनिर्वाण दिवस एवं विचार संगोष्ठी आयोजित

**भिण्ड।** शनिवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में भिण्ड जिले के मयूर पैलेस में मान्यवर कांशीराम साहब का 15 वां महापरिनिर्वाण दिवस एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश अहिरबार, प्रदेश प्रभारी बसपा बिशिष्ट अतिथि एड दिलीप बौद्ध जोन प्रभारी बसपा, लाल सिंह कुशवाहा जोन प्रभारी बसपा, संजीव सिंह विधायक बसपा रहे।



अध्यक्षता सुनील बघेल जिलाध्यक्ष बसपा ने की। इस दौरान श्याम सिंह कुशवाहा, डॉ विनोद तिवारी, मेघ सिंह नरवरिया, नरेश नरवरिया, रणवीर सिंह कुश्तवार, महाराज सिंह दोहरे, रामस्वरूप प्रजापति, भगवान सिंह एड, अनन्त राम प्रजापति, मायाराम जाटव, आशाराम जाटव, रामप्रकाश मेहरा, वीरेंद्र कौशल ,यशबन्त पटवारी, संजू बघेल, एड छविराम बघेल, मुकेश राय ,दिनेश दोहरे, लवलेश खैर अरविंद जाटव, रामनरेश रायपुरिया, सुरेश बझाइया, भारत कतरोलिया, पृथ्वीराज जाटव, पातीराम, धन सिंह राठौर, संजू जाटव, उदयराज बरैया, भागेश्वरी शाक्य, सरिता छारी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

# काशी बनारस के आचार्य करायेंगे बौरेश्वर धाम में रूद्राभिषेक

**भिण्ड।** भदावर महाराज महेंद्र अरिदमन सिंह सपरिवार बौरेश्वर धाम में रूद्राभिषेक करने आ रहे है। बनारस के विद्वानों द्वारा वैदिक परम्परा के अनुसार पूजन कराया जायेगा पं वरुण दीक्षित वेद विभागाध्यक्ष श्री भागवत महाविद्यालय वाराणसी पं योगेश जी तिवारी आचार्य, पं कृष्ण कुमार द्वीवेदी आचुके हैं और आवश्यक तैयारियां कर रहे हैं, विश्राम सिंह भदौरिया, पर्वत सिंह भदौरिया अमरसिंह भदौरिया, गनेश सिंह भदौरिया ने उदोतगढ क्षेत्र में संपर्क किया। क्षेत्र के लोगों ने 11000-11000 रु विश्राम सिंह भदौरिया, कुलदीप भदौरिया, देवभान सिंह भदौरिया, 7000 रू, 6100 रू, 5000-5000 रू मलखान सिंह, रामवीर सिंह, देवेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा, भद्रपालसिह, सुरेश फौजी , धर्म सिंह, रमेश सिंह, गनेश सिंह, डा राजपूत, राजू सिंह, किशन सिंह राजेश सिंह, सूरज पाल सिंह, 2100 रामजस कुशवाह, अमरसिंह जयचंद सिंह, पं श्रीनारायण शर्मा आदि ने सहयोग किया।

# नवदुर्गा एवं दीवाली त्यौहार में खपाने के लिए तैयार हो नकली मावा फैक्ट्री पर छापा

### एक क्विंटल 10 किलो मावा, 2 क्विंटल के करीब घी, 2 क्विंटल क्रीम, डालडा एवं रिफाइंड की टीनें बरामद

**भिण्ड।** नवदुर्गा एवं हिदूंओं का महापर्व दीपावली के मिलावटखोर सक्रिय हो गये हैं। बीते रोज पुलिस ने गोरमी थाना अंतर्गत कृपे का पुरा गांव में मिलावट से तैयार हो रहा मावा फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही की है। जहां से पुलिस को मिलावटी मावा व डालडा एवं रिफाइंड की टीनें बरामद हुई हैं।

बता दें कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए गोरमी कस्बे के पास स्थित कृपे का पुरा में मिलावटी मावा बनाए जाने का कारोबार चल रहा था। यह सूचना गोरमी पुलिस को मिली। जिस पर पुलिस और फूड सेफ्टी अफसरों ने छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई में सबसे चौकाने वाला पहलू यह सामने आया कि डेयरी संचालक दूध से क्रीम को निकाल लेता था। मावा में वनस्पति वसा मिलाकर चिकनाई ला रहा था। यहां बड़ी मात्रा में छापामारी के दौरान मावा और घी बरामद हुआ। फूड अफसरों ने सेम्पलिंग की है। वहीं पुलिस ने एक युवक को आरोपी भी बना दिया। जानकारी के मुताबिक गोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम कृपे के पुरा में नीलेश लोधी की डेयरी पर मिलावटी खोआ तैयार होने की सूचना मिल रही थी। यह बात की पुष्टि होने पर गोरमी थाना प्रभारी सुरेशचंद्र बंसल के साथ रात साढ़े दस बजे कृपे का पुरा पर फूड सेफ्टी अफसरों की टीम ने छापामार कार्रवाई की। यहां डेयरी पर मावा बनाए जाने का काम चल रहा था। पुलिस और फूड अफसरों को देखकर डेयरी पर काम करने वाले कर्मचारी भाग खड़े हुए। मौके पर पाया कि दूध से क्रीम निकालकर घी निकाल लिया जाता है। मावा में चिकनाई लाने के लिए डालडा और रिफाइंड को मिलाया जाता है। डेयरी पर डालडा और रिफाइंड भी बरामद किया गया। इसके अलावा तैयार मावा एक क्विंटल 10 किलो मावा, 2 क्विंटल के करीब घी, 2 क्विंटल क्रीम भी मिली।



### शुद्ध मावा-210 और मिलावटी मावा-160 रूपये किलो

पूछताछ में डेयरी संचालक नीलेश ने बताया कि सस्ता मावा की मांग ज्यादा है। इसलिए ऐसे ग्राहकों को लिए डालडा और रिफाइंड से मावा तैयार किया जाता है। वहीं ग्राहकों की मांग पर प्योर दूध का मावा तैयार किया जाता है। डेयरी से व्यापारी को शुद्ध मावा को् 210 रुपए प्रति किलो है। वहीं डालडा और रिफाइंड से तैयार किए जाने वाले मावा की कीमत 160 रुपए प्रति किलो है।

## ऑनलाइन खेल का खतरा

मनोविश्लेषक सिगमंड फ्रायड ने कहा था कि मनुष्य का मूल स्वभाव यह है कि वह चुनौतियों को स्वीकार करता है। फ्रायड का यह विचार ऑनलाइन खेल की जद में फंस रहे बच्चों के संदर्भ में बिल्कुल सटीक है। ब्लू ह्वेल के कारण दुनिया में 250 से भी ज्यादा लोगों ने खुदकुशी कर ली और इनमें 90 फीसदी से भी अधिक बच्चे हैं, 13 से 17 वर्ष तक के बच्चे। समस्या सामाजिक और मनोवैज्ञानिक है, इसलिए उसका उपचार भी इन्हीं दोनों मोर्चों पर खोजा जाना चाहिए। यह कानूनी समस्या नहीं है। इसी सोच को दर्शाते हुए गुजरात ने ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम बच्चों को ऑनलाइन खेल से दूर रखें। अब लोगों में वैज्ञानिक समझ भी बढने़ लगी है और इंटरनेट भी सर्वसुलभ हो गया है। ऑनलाइन खेल की बढ़ती लत को हमारी आदत ने ही बढ़ावा दिया है। ब्लू ह्वेल से पहले भी कई खेल हैं, जिसने पूरे समाज को संकट में डाला हो। ऐसा ही एक गेम है, %साल्ट एंड आइस चैलेंज÷। इससे बच्चे अपने शरीर के किसी हिस्से पर नमक डालते हैं और फिर उसी के ऊपर बर्फ का एक टुकड़ा रख लेते हैं। यह गेम जानलेवा तो नहीं है, लेकिन पीड़ादायक है। बर्फ शरीर के हिस्से को ठंडा करती है, जिससे चमड़ी संवेदनशील होती चली जाती है और चूंकि नमक बर्फ के नीचे होता ही है, इसलिए चमड़ी में जलन प्रारंभ हो जाती है। एक और गेम ट्यूब टेप चैलेंज है। इसमें ट्यूब टेप को शरीर पर लपेट लिया जाता है, फिर उससे बाहर आने की कोशिश होती है और अगर ट्यूब टेप गले के आसपास कस गई तो खिलाड़ी की जान भी चली जाती है। इससे अमेरिका में मौतें हुई भी हैं। फिर, पॉकेमॉन गो के बारे में तो हम जानते ही हैं। इसमें बच्चा अपने मोबाइल पर गेम खेलते हुए पॉकेमॉन के बताए रास्ते पर ही चलता जाता है। वह गेम में इतना खोया रहता है कि उसे पता भी नहीं चलता कि कब वह सड़क पर आ गया व अक्सर सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाता है। इस प्रकार के बहुत सारे जानलेवा गेम इंटरनेट पर हैं और वे स्मार्टफोन आदि के माध्यम से बच्चों की मुट्ठी में आ गए हैं। अतः यह मामला कानून से बहुत ऊपर की चीज हो चुका है। सामाजिक स्तर पर इस समस्या का निदान यह है कि बच्चों को अकेला न छोड़ें। यह सही है कि इस समय महानगरों में माता-पिता कामकाजी होने लगे हैं। अतः बच्चों को अकेला न छोडने़ की बात करना सरल है, जबकि उसका पालन करना कठिन है। लेकिन दादा-दादी, नाना-नानी सबसे पास होते हैं। जब कोई व्यक्ति रोजगार के लिए अपने स्थान से विस्थापित हो जाता है, तो वह अपने बुजुर्ग माता-पिता को वहीं छोड़ आता है। कुछ लोग उन्हें वृद्धाश्रम में भेज देते हैं। यदि उन्हें अपने ही साथ रखा जाए तो वृद्धावस्था में उन्हें सहारा मिलेगा व हमारे बच्चे भी अकेलेपन से बच जाएंगे और तब उन्हें मोबाइल और इंटरनेट का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। अगर कोई परिजन साथ नहीं रहता है तो मोहल्ले में जान-पहचान बढ़ानी होगी, ताकि बच्चों में पारस्परिक मेलजोल बढ़े और वे इंटरनेट की आभासी दुनिया से बचें। इस सामाजिक समाधान के साथ-साथ समस्या के मनोवैज्ञानिक समाधान की तरफ भी ध्यान करना होगा। मनोवैज्ञानिक तथ्य यह है कि बच्चे ज्यों ही चलना शुरू करते हैं, त्यों ही वे चुनौतियों को स्वीकार करना सीख जाते हैं। यह गुण उनमें 14-15 वर्ष तक बना रहता है। इस आयुवर्ग में पढ़ाई में उनके अच्छे नंबर आना, खेलों आदि में उम्दा प्रदर्शन, सीखने की ज्यादा क्षमता आदि गुणों की वजह यही होती है कि वे इस आयुवर्ग तक कई चुनौतियों को स्वीकार करते हैं। बच्चों को जब कोई रचनात्मक चुनौती नहीं मिलती है, तब वे ब्लू ह्वेल जैसी नकारात्मक चुनौतियां स्वीकार कर लेते हैं।

# किसान खोल में गुंडे और देशद्रोहियों को हिंसा की छूट क्यों मिली है ?

**विष्णु गुप्त**

**लखीमपुर खीरी में आठ-आठ लाशें बिछाने वाले तथाकथित किसानो को सबक देना जरूरी**

अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की तथाकथित किसान आंदोलन के प्रति नरम नीति काल बन रही है, देश की सुरक्षा, मानवता की सुरक्षा, निर्दोष लोगों की जान की सुरक्षा पर आंच आ रही है, आने-जाने के अधिकार का हनन जैसे गुनाह सामने आ रहे हैं। इसी का दुष्परिणाम है कि लखीमपुर खीरी में तथाकथित किसानों ने कोई एक-दो नहीं बल्कि आठ-आठ लाशें बिछा दी। अखिलेश यादव के घर पर पुलिस की गाड़ी सरेआम जला दी गयी, कानून और संविधान को बंधक बनाया जा रहा है। विपछी दल और राष्टविरोधी शक्तियां की करतूत अब निर्दोष लोगों की जानें ले रही हैं। जब आप किसी चालक के उपर लाठियां बरसायेंगे, पत्थर बरसायेंगे तो फिर वाहन पर से चालक का नियंत्रण कैसे रह पायेगा? चालक अपने आप को कैसे बचा पायेंगे। जब किसी के उपर अचानक आफत आती है तो फिर वह बचने की कोशिश करता ही है। चालक ने भी बचने की कोशिश की थी, बचने की कोशिश में उसने अपने वाहन को भगाने की कोशिश की थी, सामने हिंसक किसान आ गये। किसान क्या यह नहीं जानते थे कि हम किसी वाहन पर पत्थर फेंकेगे और वाहन चालक पर सरेआम लाठियां बरसायेगें तो फिर वह बचने के लिए अपने वाहन को दोड़ाने का प्रयास नहीं करेगा? हर व्यक्ति को अपनी जान प्यारी होती है। किसानों की लड़ाई सरकार से है। उस वाहन चालक से आपकी लड़ाई थोडे़ थी? फिर आपने उस वाहन चालक पर पत्थर क्यों बरसाने लगे, उस वाहन चालक पर लाठियां क्यों बरसाने लगे? क्या आपको कानून हाथ में लेने का अधिकार है, क्या आपको कानून और संविधान को बंधक बना कर रखने का अधिकार है,क्या आपको सड़कों को घेर कर बैठने का अधिकार है, क्या आपको तिरंगे को रौंदने का अधिकार है, क्या आपको तिरंगे को उतार फेंक कर अपना मजहबी झंडा लगाने का अधिकार है? क्या आपको भिडरावाले की प्रशंसा में कसिदे पढ़ने का अधिकार है, क्या आपको दुश्मन देश की वकालत करने का अधिकार है, क्या आपको विदेशी पैसे लेने का अधिकार है, क्या आपको किसी एक पार्टी के कार्यकर्ताओं को बंधक बनाने का अधिकार है? क्या आपको महिलाओं के साथ बदसूलकी का अधिकार है, क्या आपको महिलाओं के साथ बलात्कार करने का अधिकार है, क्या आपको मीडिया कर्मियों के साथ बदतमीजी करने का अधिकार है, क्या आपको मीडिया कर्मियों को धमकी देने का अधिकार है, क्या आपको मीडियाकर्मियों को सरेआम पिटने का अधिकार है? आखिर किसान के नाम पर ऐसी गुंडागर्दी कब तक चलती रहेगी?

चोरी और सीनाजोरी इसी को कहते हैं, पहले इन्होनें परस्थिति जन्य घटना को अंजाम देने के लिए बाध्य किया और यह कहना गलत नहीं होगा कि वाहन चालक को इन्होंने वाहन भगाने के लिए मजबूर किया। फिर इन्होंने ही हिंसा फैलायी। हिंसा किस तरह से फैलायी वह भी स्पष्ट है। इनकी हिंसा डराने वाली थी, इनकी हिंसा देश को अस्थिर करने वाली थी, इनकी हिंसा मानवता का खून करने वाली थी। इन्होने न केवल गाड़ियों को पलट दिया और उसमें आग भी लगायी। इन्होंने वाहन चालक सहित पांच भाजपा कार्यकर्ताओं को मौत का घाट उतार दिया। मृत शरीर पर अंधाधुंध लाठियां बरसाते रहे। क्या भाजपा के कार्यकर्ताओं की जानें प्यारी नहीं थी, क्या भाजपा के मारे गये कार्यकर्ताओं के परिजनों के सामने पहाड़ नहीं टूट आया है। मारे गये सभी भाजपा कार्यकर्ता कोई धनाढ़्य वर्ग के तो थे नहीं, ये भी मध्यम वर्ग के थे। अगर इसी तरह आपके खिलाफ भी भाजपा के कार्यकर्ता हथियार उठा लेंगे तो फिर आपकी स्थिति क्या होगी? केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अनिल मिश्र टेनी ने सही कहा है कि किसानों के नाम पर उपद्रवी तत्वों ने हिंसा फैलायी है। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अनिल मिश्र टेनी चूकि जिम्मेवार पद पर बैठे हैं, इसलिए उन्होंने संयमित प्रतिक्रिया दी है, अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने अन्य तत्वों के नाम का उल्लेख नहीं किया। पर लखीमपुर खीरी की घटना में कई प्रकार के तत्व पर पहले से ही उपस्थित थे। तत्वों के प्रकार जानेंगे तो आप हैरानी में पड़ जायेंगे? यह सोचने के लिए मजबूर हो जायेंगे कि हमारे राष्ट के खिलाफ इतने बड़े-बड़ते तत्व खड़े हैं और साजिश में लगे हुए हैं। एक तत्व भिंडरावाले का है, वही भिंडरावाले जो भारत की एकता और अखंड़ता को तोड़कर खालिस्तान का निर्माण करना चाहता था, वही भिंडरावाले जिसने हमारे दुश्मन देश पाकिस्तान और आईएसआई के इसारे पर लट्टू की तरह नाचता था, वही भिंडरावाले जिसे राजीव गांधी ने आतंकवादी मानने से इनकार कर कहा था कि वे एक महान संत हैं और जिसे इन्दिरा गांधी ने राजनीतिक संरक्षण दे रखा था, वही भिंडरावाले जिसे मारने के लिए इन्दिरा गांधी ने स्वर्ण मंदिर मे सेना भेजकर ब्लू स्टार आपरेशन की थी। जानना यह भी जरूरी है कि जो किसान वाहन पर पत्थर बरसा रहे थे और भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसा कर उनकी जान ली थी वे सभी भिंडरावाले लिखे हुए टीशर्ट पहने हुए थे और साथ ही साथ भिड़रावाले का नारा भी लगा रहे थे। वीडीओ फूटेज की अगर गहनता के साथ जांच होगी तो फिर इस तथ्य की सत्यता सामने आ जायेगी। साजिश वाले तत्व समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के थे। कांग्रेस और अन्य राजनीतिक पार्टियां किसानों को भरमाने , किसानों को उपद्रवी, किसानो को हिंसक बनाने में कितने सहयोगी रहे है, यह स्पष्ट है। कांग्रेस का मुख्यमंत्री सरेआम कहता है कि मेरे राज्य में नहीं भाजपा राज्य और दिल्ली में जाकर आंदोलन करो। पहले किसानों को उकसाया, हिंसक बनाया और अब उन पर आंसू बहाने का कार्य भी कांग्रेस और अन्य राजनीतिक पार्टियां कर रही है। लखनउ की घटना तो नोटिस मे लिया ही जाना चाहिए। लखनउ की घटना में अखिलेश यादव ने किस प्रकार से हिंसा का सहारा लिया है, यह भी स्पष्ट हो गया। अखिलेश यादव के घर के सामने सपा के कार्यकर्ताओं ने एक पुलिस गाड़ी को सरेआम जला दिया, पुलिस वालों पर बल का प्रयोग किया। अखिलेश यादव अपने घर पर नजरबंद हैं। उन्हें लखीमपुर खीरी जाकर हिंसा फैलाने की स्वीकृति नहीं मिली। इसी कारण अखिलेश यादव के इसारे पर पुलिस की गाड़ी में आग लगायी गयी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पंजाब में बलात्कार और मुस्लिम लोमहर्षक हिंसा की दर्जनों घटनाएं हुई हैं, राजस्थान में मुस्लिम उग्रपंथियों और सांप्रदायिक तत्वो ने कई दलितों की हत्याएं की है पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी उन हताहत दलितों के घर नहीं गये। पर राजनीतिक लाभ के लिए लखीमपुर खीरी तक दौड़ लगा रहे है और हिंसा करने वाले और देश विरोधी तत्वों का उत्साह भी बढ़ा रहे हैं।

राकेश टिकैत की मुस्लिम परस्त मानसिकता कौन नहीं जानता है। राकेश टिकैत को कौन सा जन समर्थन है? इस तथ्य को हमेशा नकारा क्यो जाता है कि राकेश टिकैत का नजरिया और सक्रियता राजनीतिक है। वे विधानसभा का एक नहीं बल्कि दो-दो बार चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों बार विधान सभा चुनाव में जमानत जब्त करा चुके हैं। ये अजित सिंह की पार्टी के सदस्य हैं। हरियाणा में एक खास लोगों के वर्चस्व टूटना इन्हें पंसद नहीं है। क्या कोई यह बतला सकता है कि अल्ला हू अकबर किसानों का नारा हो सकता है? अगर नही तो फिर अल्ला हू अकबर का नारा राकेश टिकैत किस एजेंडे के तहत लगाते हैं, क्या हिन्दुओं को चिढ़ाने के लिए राकेश टिकैत अल्ला हू अकबर का नारा नहीं लगाता है? पंजाब और हरियाणा में भी क्या हिन्दुओ को निशाना नहीं बनाया गया है, हिन्दुओं को अपमानित नहीं गया है? क्या आप क्रिकेटर युवराज सिंह के बाप का बयान भूल गये जिसमें उन्होंने किसान बिल को लेकर हिन्दुओं को धमकाया था और अपमानित किया था?

## अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है।

## नेपाली भानुभक्त रामायण में सीताजी की खोज

**डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता**

श्रीराम की आज्ञा पाकर सुग्रीव ने सब वानरों को सीताजी की खोज में लगा दिया।

जाऊ वीर्हरु सब् दिशा दशविषे। सीताजि मिलिच्छन जहाँ।।

पत्ता लाई सिताजिको खबर ली। सब्वीर आऊ यहाँ।।

मैन्हा दीन बिताइ एक् रति खबर के ही नपाई ल जो।

ढील् गर्न्यात सलाइ ता में सहजै। मार्यान्छु मान्यछि त्यो।।

नेपाली भानुभक्त रामायण - किष्किन्धाकाण्ड-102

सभी वानरों के जाते समय सुग्रीव ने कहा और आज्ञा दी कि हे वीरों। सभी दिशाओं की ओर जाओ- जहाँ भी सीताजी हों, पता लगा कर उनकी खबर लेकर पुनः लौट आओ। महीनेभर के अंदर पता लगाने में जो शिथिलता करेगा उसे मैं तुरंत मार डालूँगा वह बच नहीं पाएगा।

यस्तो जल्दि हुक्म गरीअरु दिशा। वान पठाया अवर।

दक्षिण् तीर त खुप् बड़ा बिरहरु। छानी पठाया जबा।।

अंगद्लाइ र जाम्बवान् र हनुमान। वी नल् सुषेण् फेर शरभ।

मेंद द्वीविद आठ् पठाई प्रभु का। पास्मारह्याएक् फगत।।

नेपाली भानुभक्त रामायण किष्किन्धाकाण्ड-103

इस प्रकार शीघ्रता से आदेश देकर अन्य दिशाओं की ओर वानरों को भेज दिया, किन्तु दक्षिण दिशा की ओर महाबली एवं चुने हुए अत्यंत पराक्रमी वानरों को भेजा गया। इनमें अंगद, जाम्बवान्, हनुमान्, नल, सुषेण, शरभ, मैन्द और द्विविद नामक आठों वानरों को भेजकर मात्र सुग्रीव अकेले ही श्रीराम के पास रहे। सुग्रीव की आज्ञा लेकर जैसे ही ये आगे वीर जाने लगे, श्रीरामचन्द्रजी हाथ में एक अँगूठी लेकर कहने लगे- जाओ कार्य में सफल होकर आओ। हनुमान! यह अँगूठी ले लो, जिसमें मेरा नाम अंकित है, इसे सीताजी बड़ी ही सरलता से पहचान लेगी। इसलिए मैं तुम्हें दे रहा हूँ। मैं इस बात को अच्छी तरह जानता हूँ कि इस कार्य में सफलता प्राप्त करने वाले हनुमान् तुम ही हो, क्योंकि यह शक्ति तुममें ही निहित है। अतएव मैं कहता हूँ कि मार्ग में ही सब प्रकार से तुम्हारी यात्रा शुभ होगी। श्रीरामजी की यह आज्ञा पाकर हनुमान्जी ने प्रसन्न होकर प्रभु से वह अंगूठी ले ली एवं सम्पूर्ण तन मन से स्वयं को श्रीरामजी की सेवा में अर्पित कर दिया। अंगद सहित वीर हनुमान् जी श्रीरामजी की आज्ञानुसार दक्षिण दिशा में चल पड़े। तभी उन्हें विन्ध्यपर्वत के मध्य वन में एक राक्षस दिखाई दिया तथा उसे ही रावण समझकर सब वानरों ने घूसों से प्रहार किया। किन्तु वह रावण नहीं था यह जानने के पश्चात् अन्य वन में खोज करने चल पड़े। वानर प्यास से व्याकुल हो गए। उन्होंने गुफा से हंसों को निकलते देखा। उनके पंख पानी से गीले थे। वानरों ने वहाँ प्रवेश किया तो उन्हें वहाँ एक बस्ती दिखलाई दी, जिसमें हीरे जवाहरात भरे पड़े थे। वातावरण सुनसान था। एक ध्यान मग्न योगिनी दिखाई दी, जिसका नाम स्वयंप्रभा था। हनुमानजी ने प्रणाम कर योगिनी को अपने आने का कारण बतलाया। योगिनी ने उन्हें फल खा पीकर उसका नाम बताकर लौट जाने को कहा। उसने कहा जहाँ प्रभु है मैं वही जाऊँगी।

**मेरो नाम बताई आज त म ता जान्ध प्रभु छन जहाँ।।10।।**

स्वयंप्रभा ने वानरों से कहा कि वह हेमा की सहेली है। मेरी सहेली हेमा चली गई पर सहेली के वचन देने से वह यहीं रहती है। हेमा ने कहा था कि रामावतार होगा और सीता हरण होगा, तब उन्हें खोजता हुआ वानर यहाँ आएगा तब तक तुम यही रहना। वानर और रघुनाथजी की पूजा से तुम ब्रह्मलोक जाओगी। मेरी सहेली हेमा ब्रह्मलोक गई। शिवजी ने उसके नृत्य से प्रसन्न हो यह बस्ती उसे दी थी। वह विश्वकर्मा की पुत्री थी और मैं गन्धर्व कन्या हूँ। उसने पलक झपकते ही उन सब वानरों को उनके मार्ग पर पहुँचा दिया और वह श्री रघुनाथजी के पास चली गई-

**श्रीरामचन्द्र जिश्यैं ति योगिन गइन् वानर पुम्या रस्तिमा।**

**नेपाली भानुभक्त रामायण किष्किन्धा-14**

**भानुभक्त नेपाली रामायण**

रामजी ने उसे बदरीनारायण धाम जाने का वर दिया। उधर हनुमान आदि वानर सीता की खोज अभी तक नहीं कर पाने से चिंतित थे।

# कहाँ गया.... न खाऊँगा, न खाने दूँगा

### सूडोकु नवताल- 5858

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5857 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**ओमप्रकाश मेहता**

**केन्द्र का नया कानून या भ्रष्टाचारियों का सुरक्षा कवच....?**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कहा था... ''न मैं खाऊँगा.... और न किसी को खाने दूँगा....'' अर्थात् ''देश से भ्रष्टाचार खत्म कर दूंगा...'' लेकिन मोदी जी की इस गर्वोक्ति के बाद उनके प्रथम प्रधान मंत्रित्व काल में ही पता नहीं किस दबाव में मोदी जी की ही सरकार ने 2018 में भ्रष्टाचार निवारण कानून के अनुच्छेद सत्रह में संशोधन कर अपनी सरकार में उसे तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया और अब राज्य सरकारों से कहा जा रहा है कि उसी कानून को वे भी अपने राज्यों में लागू करें। राज्य सरकारें (भाजपा सहित) इस दुविधा में है कि इस संशोधन कानून को लागू करें या नहीं, क्योंकि यदि इस संशोधित कानून को लागू किया जाता है तो भ्रष्टाचारी लोकसेवकों को यह संशोधित कानून सुरक्षा कवच प्रदान करेगा और फिर राज्य में भ्रष्टाचार की कोई सीमा शेष नहीं रह पाएगी और यदि राज्य सरकारें केन्द्र के इस निर्देश को मानने से इंकार करती है तो फिर संवैधानिक मर्यादा भंग होती है? यही नही इस संशोधित कानून के अनुच्छेद-17 में 'दो' लगाकर जो संशोधन किया गया है, उसे लेकर सीबीआई जैसी जांच एजेंसी भी परेशान है, इस नए कानून के लागू होने के बाद उसकी छापेमारी या रंगे हाथ रिश्वत लेने के मामलों पर रोक लग गई है।

इस भ्रष्टाचार निवारण संशोधित कानून के अनुच्छेद-17(2) के तहत



कोई भी जांच एजेंसी या पुलिस सम्बंधित भ्रष्टाचारी लोकसेवक के विभागीय प्रमुख की पूर्व अनुमति के बिना उस पर छापा डालकर उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नही कर सकती, साथ ही इस पूर्वानुमति के बंधन के साथ विभागीय प्रमुख को यह छूट भी दी गई है कि वह प्रकरण को मंजूरी के लिए तीन महीनें तक अपने पास विचाराधीन रख सकता है, अर्थात् जांच एजेंसी को यदि किसी भ्रष्टाचारी कर कार्यवाही करनी है तो उसे विभाग प्रमुख की मंजूरी के लिए तीन महीने तक इंतजार भी करना पड़ सकता है? इसके बाद भी विभागीय प्रमुख की मर्जी पर है कि वह अनुमति देता है या नहीं? इससे यह भी संभावना बढ़ जाती है कि यदि विभागीय प्रमुख भी विवादित है तो सम्बंधित भ्रष्टाचारी लोकसेवक से सांठ-गांठ कर धर-पकड़ को रोक भी सकता है, और इसके लिए वह विभागीय प्रमुख कुछ भी बहानेबाजी कर सकता है। केन्द्र में यह संशोधित भ्रष्टाचार कानून पिछले तीन साल से लागू है और अब अभी-अभी केन्द्र ने राज्य सरकारों को कानून की प्रति भेजकर इसे अपने राज्य में तत्काल लागू करने का आदेश दिया है। यद्यपि गैर भाजपाई राज्य सरकारों ने तो इसे लागू नहीं कर लम्बित रखा है, किंतु भाजपा सरकारों पर केन्द्र द्वारा यह दबाव डाला जा रहा है कि वे सरकारें इसे शीघ्र लागू करें।

यद्यपि इस कानून संशोधन की देश के मुख्य न्यायाधिपति से लेकर अनगिनत पूर्व सर्वोच्च नौकरशाहों ने आलोचना की है तथा मोदी सरकार से पूछा है कि किसके दबाव में आकर यह कानूनी संशोधन कर इसे लागू किया और इस मामले में मोदी जी ने मौन धारण क्यों कर रखा है? क्या उनका पूराना ''न खाऊँगा... न खाने दूँगा'' संकल्प राजनीतिक गलियारे में कहीं खो गया है? इसी तरह अपने राज्यों से भ्रष्टाचार को समूल नष्ट की देने का संकल्प लेने वाले भाजपा सरकारों के मौजूदा मुख्यमंत्रीगण भी पशोपेच में है, वे समझ नहीं पा रहे है कि आखिर अपने राज्य में इस संशोधित कानून को लागू कैसे करें? जबकि मध्यप्रदेश जैसी कुछ भाजपा सरकारें है, जिन्होंने केन्द्र के इस कानून को केन्द्र का आदेश मिलते ही लागू कर दिया। मध्यप्रदेश सरकार ने 26 दिसम्बर 2020 को इस कानून को लागू करने सम्बंधी आदेश जारी भी कर दिए और भ्रष्टाचार निवारण कानून में धारा-17(ए)2 को जोड़ दिया है। जबकि यह आदेश जारी होने के बाद मध्यप्रदेश के लोकायुक्त ने सरकार के प्रति नाराजी भी जाहिर की थी।

## (चौथा दिन) कुष्माण्डा

**सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।**

**दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।**

माँ दुर्गा जी के चौथे स्वरूप का नाम कुष्माण्डा है। अपनी मन्द, हल्की हँसी द्वारा अण्ड अर्थात् ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कुष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अन्धकार ही अन्धकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने 'ईषत' हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि ाकी आदि-स्वरूपा, आदि शक्ति हैं। इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं।

इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में हैं। सूर्य लोक में निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में हैं। इनके शरीर की कान्ति और प्रभा भी सूर्य के समान ही देदीप्यमान और भास्वर है। इनके तेज की तुलना इन्हीं से की जा सकती है। अन्य कोई भी देवी-देवता इनके तेज और प्रभाव की समता नहीं कर सकते। इन्हीं के तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अव्यवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। इनकी आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्ट भुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में प्रमशः कमण्डल धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चप्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इनका वाहन सिंह हैं। संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा कुम्हड़े को कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। इस कारण से भी ये कूष्माण्डा कही जाती हैं।

नवरात्र पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अनाहत' चप्र में अवस्थित होता है। अतः इस दिन उसे अत्यन्त पवित्र और अचञ्चल मन से कूष्माण्डा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिये। माँ कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक विनष्ट हो जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। माँ कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से भी प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाय तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है। हमें चाहिये कि हम शास्त्रों-पुराणों में वर्णित विधि-विधान के अनुसार माँ दुर्गा की उपासना और भक्ति के मार्ग पर अहर्निश अग्रसर हों। माँ के भक्ति मार्ग पर कुछ ही कदम आगे बढ़ने पर भक्त साधक को उनकी कृपा का सूक्ष्म अनुभव होने लगता है। यह दुःख-स्वरूप संसार उसके लिये अत्यन्त सुखद और सुगम बन जाता है।

# कनिका ढिल्लों ने शाहरुख अभिनीत राजकुमार हिरानी की अगली फिल्म के लिए मिलाया हाथ



शाहरुख खान की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। हाल में वह फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी की अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में थे। ऐसी चर्चा चल रही थी कि लेखिका कनिका ढिल्लों ने शाहरुख की इस फिल्म के लिए राजकुमार के साथ हाथ मिलाया है।

कनिका ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इस फिल्म का ऐलान किया है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, मैं अपनी अगली फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हूं, क्योंकि मैं उन सभी लोगों के साथ काम कर रही हूं, जिन्हें मैं प्यार करती हूं। यह मेरे लिए बेहद खास है। इस प्रोजेक्ट में शामिल होकर कनिका काफी खुश नजर आई हैं। हालांकि, मेकर्स द्वारा इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म की पटकथा पूरी कर ली गई है। एक सूत्र ने कहा, शाहरुख के साथ राजकुमार की अगली फिल्म की पटकथा पूरी कर ली गई है और यह फिल्म प्रोडक्शन के लिए तैयार है। राजकुमार, कनिका और अभिजीत जोशी ने स्क्रिप्ट पर एक साल से अधिक समय तक काम किया और पूरे लॉकडाउन के दौरान वे इसे पूरा करने में लगे रहे हैं।

राजकुमार की मुन्नाभाई एमबीबीएस, संजू और पीके जैसी फिल्मों पर दर्शकों ने खूब प्यार लूटाया है। उनकी अगली फिल्म गैरकानूनी इमिग्रेशन पर आधारित होगी। अभी फिल्म का शीर्षक निर्धारित नहीं किया गया है। कहा जा रहा है कि यह फिल्म डंकी फ्लाइट पर केंद्रित होगी। जब आप किसी देश की सीमा में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश करते हैं, तो उसे डंकी फ्लाइट कहा जाता है। खबरों की मानें तो फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं।

कनिका अन्य प्रोजेक्ट को लेकर भी व्यस्त हैं। उन्होंने तापसी की रश्मि रॉकेट और अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म राम सेतु में काम किया है। उन्होंने ओम शांति ओम में सहायक निर्देशक के रूप में भी काम किया है।

राजकुमार इस फिल्म में भावनात्मक और हल्के-फुल्के लम्हों को समाहित करेंगे। यह एक ऐसे पंजाबी शख्स की कहानी होगी, जो कनाडा में बसना चाहता है। फिल्म में उस शख्स की संघर्षपूर्ण यात्रा को दिखाया जाएगा। फिल्म में यह भी दिखाया जाएगा कि कैसे ट्रैवल एजेंसियां विदेशों में बेहतर जीवन की तलाश कर रहे युवाओं को लुभाने के लिए अपने जाल में फंसाती हैं। पंजाब जैसे राज्य में यह समस्या अधिक जटिल है।

## 'फ्रेडी' की शूटिंग पूरी कर मालदीव में छुट्टियां मना रही अलाया



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस अलाया एफ भले ही एक फिल्म में नजर आई हों लेकिन सोशल मीडिया पर उनका जलवा कायम है। वह आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अलाया एफ अपनी दूसरी फिल्म 'फ्रेडी' की शूटिंग पूरी करने के बाद मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। अलाया एफ लगातार वहां से अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर रही है। अलाया एफ ने एक बार फिर बिकिनी पहनकर अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। अलाया एफ अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मालदीव वकेशन की तस्वीरें शेयर कर रही हैं। अलाया एफ अपनी अधिकतर तस्वीरों में बिकिनी पहनकर पोज देते हुए नजर आ रही हैं। अलाया एफ ने कुछ ऐसी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह पूल में नजर आ रही हैं। अलाया एफ ने कार्तिक आर्यन के साथ 'फ्रेडी' फिल्म की शूटिंग हाल में पूरी की है। अलाया एफ ने अपनी फिल्म 'फ्रेडी' की शूटिंग पूरी होने पर टीम के साथ केक काटकर जश्न मनाया था। अलाया एफ ने बीते साल 2020 में फिल्म 'जवानी जानेमन' से बॉलिवुड डेब्यू किया था। उनके साथ इस फिल्म में सैफ अली खान और तब्बू थे। अलाया एफ फिल्म 'फ्रेडी' के अलावा एकता कपूर की फिल्म 'यू टर्न' में दिखाई देंगी। इस फिल्म में जर्नलिस्ट का रोल कर रही हैं। अलाया एफ की पर्सनल लाइफ की बात की जाए तो वह ऐक्ट्रेस पूजा बेदी की बेटी हैं। उनके नाना कबीर बेदी हैं। अलाया एफ को लेकर कहा जाता है कि वह दिवंगत बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्य ठाकरे के साथ रिलेशनशिप में हैं।

# मैंने पहली बार वॉर की स्क्रिप्ट पढ़ी तो नहीं हुआ प्रभावित:ऋतिक रोशन



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन ने वॉर की स्क्रिप्ट को लेकर अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने जब पहली बार यह स्क्रिप्ट पढ़ी तो वह उत्साहित नहीं थे क्योंकि उन्हें लगा कि यह बहुत बेवकूफ और सतही कहानी है। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित हाई-ऑक्टेन एक्शन ने हिंदी सिनेमा में अपनी रिलीज के दो साल पूरे कर लिए हैं। ऋतिक ने वॉर की स्क्रिप्ट पर अपनी पहली प्रतिक्रिया का खुलासा किया। उन्होंने कहा, ठीक है, यह जटिल है। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे उसमें कुछ भी ऐसा नहीं दिखाई दिया जो मुझे उत्साहित करे। यह बहुत ही तुच्छ और सतही था और मैं उस समय सुपर 30 जैसी वास्तविक सिनेमा में था। मेरी प्रतिक्रिया सुनकर सिड और आदि दोनों मेरे घर पहुंचे और फिल्म को रिफ्रेम करने में मुझे 5 मिनट का समय लगा। आदि ने कहा कि इसे धूम- 2 जैसी एंटरटेनर मूवी के रूप में देखें। फिर हम बैठे और पूरी स्क्रिप्ट को फिर से देखा और मैंने इसका पूरा आनंद लिया और अपनी मूर्खता को भी महसूस किया। कभी-कभी, यह जानना महत्वपूर्ण है कि निर्देशक स्क्रिप्ट की व्याख्या कैसे करना चाहता है। सिड के साथ बैंग बैंग करने के बाद मैं उन पर भरोसा कर सकता था जो वे कह रहे थे। मैंने इसे कबीर के चरित्र के साथ फिल्म में वजन और गहराई लाने की कोशिश करने के अवसर के रूप में देखा, जो अन्यथा ऐसी फिल्मों में नहीं देखा जाता है। वॉर एक सीक्रेट एजेंट कबीर की कहानी है, जो एक आतंकवादी को पकड़ने के मिशन की कहानी है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर भी हैं। ऋतिक आदित्य चोपड़ा और सिद्धार्थ आनंद को भारत की अब तक की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्म बनाने का श्रेय देते हैं। वे कहते हैं, मुझे लगता है कि यह कहना सुरक्षित है कि यह फिल्म निर्माताओं के रूप में सिड आनंद और आदित्य चोपड़ा की शानदार दृष्टि थी, जिन्होंने इसे आज जैसा बनाया है। एक योगदानकर्ता के रूप में, मुझे वॉर का हिस्सा बनने में बहुत मजा आया और इसे मिली प्रतिक्रिया ने मुझे अपने पूरे दिल और आत्मा के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। ऋतिक ने हमेशा अपने और भारतीय फिल्म उद्योग के लिए नए मानक स्थापित किए हैं।

# प्रभास जल्द कर सकते हैं अपनी 25वीं फिल्म का ऐलान, दिखेगा अनदेखा अवतार




साउथ में प्रभास की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है। बाहुबली में काम करने के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। आने वाले दिनों में भी प्रभास एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे और इसी बीच खबर आ रही है कि वह जल्द ही अपनी 25वीं फिल्म की घोषणा कर सकते हैं। इस खबर से उनके फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, प्रभास 7 अक्टूबर को अपनी 25वीं फिल्म की घोषणा करने वाले हैं, जो उनके प्रशंसकों के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगी। इससे जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखा गया है। बस यह खबर मिली है कि यह फिल्म अद्भुत होगी और इसकी कहानी प्रभास की अन्य पिछली फिल्मों से पूरी तरह से अलग होगी। फिल्म में प्रभास को पहले कभी नहीं देखी गई भूमिका में दिखाया जाएगा, वहीं, इसके जरिए वह एक ब्लॉकबस्टर निर्देशक के साथ जुड़ेंगे। फिल्म बाहुबली से शोहरत बटोरने के बाद प्रभास 2019 में हिंदी सिनेमा जगत की अपनी पहली फिल्म साहो में नजर आए थे। मिली जुली प्रतिक्रिया के बावजूद इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। इसके लिए प्रभास को अपना पहला हिंदी सिनेमा का पुरस्कार मिला था। प्रभास ने बॉलीवुड बिजनेस अवार्ड्स में साहो के लिए सबसे ज्यादा कमाई करने वाले मेल डेब्यू का खिताब अपने नाम किया था। फिल्म में उनके साथ श्रद्धा कपूर नजर आई थीं। प्रभास की फिल्म राधे श्याम उनकी आगामी बहुचर्चित फिल्मों में से एक है और हो भी क्यों ना, इसके जरिए प्रभास लंबे समय बाद रोमांटिक अवतार में जो नजर आने वाले हैं।

## अक्षय कुमार ने रक्षाबंधन के सेट से शेयर किया वीडियो

अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रक्षाबंधन की शूटिंग कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के चांदनी चौक सेट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा की है, जिसमें वे दौड़ लगाते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ साझा करते हुए अक्षय कुमार ने लिखा-फिल्म रक्षाबंधन के सेट पर आज सुबह की दौड़ ने बहुत सारी यादें जीवंत कर दीं, क्योंकि ये चांदनी चौक मेरा जन्म स्थान है और आसपास के लोगों की बातचीत सुनना कितना प्यारा लगता है, जो आपको कभी बूढ़ा नही होने देती।' बता दें कि हाल ही में अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया के जरिये बताया था कि इस फिल्म की शूटिंग के लिए दिल्ली के मशहूर चांदनी चौक को मुंबई में रिक्रिएट किया गया है। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर लीड रोल में नजर आयेंगी। गौरतलब है कि पिछले साल रक्षाबंधन पर अक्षय कुमार ने फिल्म की घोषणा के साथ ही फिल्म का पोस्टर भी फैंस के साथ साझा किया था। भाई बहन के रिश्ते पर आधारित इस फिल्म को अक्षय कुमार ने अपनी बहन अलका हीरानंदानी को समर्पित किया है। वहीं इस फिल्म को अक्षय कुमार की बहन अलका हीरानंदानी फिल्ममेकर आनंद एल राय संग मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। फिल्म को हिमांशु शर्मा ने लिखा है और निर्देशक आनंद एल रॉय है।

# हर समय होती है जंक फूड खाने की क्रेविंग, तो इससे छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये 6 टिप्स



हम सब जानते हैं जंक फूड सेहत के लिए हानिकारक होता है. इसे छोड़ने की कोशिश भी करते हैं. लेकिन छोड़ नहीं पाते हैं. अगर आप जंक फूड के एडिक्शन को छोड़ना चाहते हैं तो हम आपके लिए कुछ टिप्स लाएं हैं.

**पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं** – शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी पिएं. पानी पीने से खाने की क्रेविंग को कम किया जा सकता है. इसके अलावा आपकी भूख को भी शांत रखता है.

**थोड़े- थोड़े समय पर खाएं** – जंक फूड की क्रेविंग को कम करने के लिए थोड़े- थोड़े समय पर पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए. कमा मात्रा में खाने से क्रेविंग को कंट्रोल किया जा सकता है.


**पर्याप्त नींद लें** – विशेषज्ञों के अनुसार जो लोग पर्याप्त मात्रा में नींद लेते हैं उन्हें कम भूख लगती हैं. इसके अलावा मीठा और नमकीन खाने की क्रेविंग भी होती है.

**नाश्ता न छोड़े** – अगर आप सुबह में नाश्ता नहीं करते हैं तो कुछ समय बाद मीठा या जंक फूड खाने की क्रेविंग महसूस करते हैं. इसके अलावा ज्यादा घंटों तक भूखे रहते हैं तो अनहेल्दी चीजें खाने का मन करता है. इसलिए नाश्ता स्किप नहीं करना चाहिए.

**खाने को चबाकर खाएं** – कई स्टडी में कहा गया है कि खाने को पूरी तरह चबाकर खाने से पेट लंबे समय तक भरा रखता है. ये आपके पाचन के लिए भी अच्छा होता है.

**प्रोटीन वाली चीजें खाएं** – डाइट में प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा लेने से क्रेविंग को कंट्रोल किया जा सकता है. प्रोटीन को कार्बोहाइड्रेट वाली चीजों के मुकाबले डाइजेस्ट होने में ज्यादा समय लगता है.

# अगर आप भी सोडा वाटर के शौकीन हैं, तो संभल जाइए इसका सेवन, है चौंकाने वाला सच



सोडा पीने की अधिक मात्रा इसकी उच्च चीनी सामग्री के कारण स्वास्थ्य के लिए खराब है। हालाँकि, मुझे नहीं पता था कि ऐसे घटक हैं जो सोडा में पाए जाते हैं जो क्रोम बंपर से जंग को धोने और शौचालय के कटोरे को भी धोने के लिए पर्याप्त मजबूत होते हैं। मेरे लिए वह बेतुका था। अंत में पीने के सोडे को छोड़ दें, मैं स्पर्श अनुसंधान करने की योजना बनाता हूं और पीने के सोडा के बारे में बाद के चौंकाने वाले सत्य स्थित करता हूं।

बहुत ज्यादा मार सकता है। टफ्ट्स विश्वविद्यालय में अध्ययन के अनुरूप, सोडा पीने की अधिक मात्रा व्यक्तियों को टाइप -2 मधुमेह विकसित करने का कारण बन सकती है जो प्रति वर्ष अनुमानित 184,000 वयस्क मृत्यु के लिए उत्तरदायी हैं। यह अनुमान लगाया गया था कि जो लोग प्रति दिन 1 से 2 सर्विंग सोडा पीते हैं, उन्हें टाइप -2 डायबिटीज विकसित होने की 26 प्रतिशत अधिक संभावना होगी। एक अन्य अध्ययन से पता चला है कि एक पीने से पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए हमले से मरने का 20 प्रतिशत अधिक जोखिम हो सकता है।

सोडा विभिन्न बीमारियों का कारण बन सकता है। मौत के अलावा, सोडा पीने की अधिक मात्रा भी कई बीमारियों की घटना का कारण बन सकती है। राशि एक बीमारी जो सोडा पीने से संबंधित है मोटापा है। वेल-बीइंग इंडेक्स के अनुरूप, 28त्न सोडा पीने वाले अमेरिकी खुद को मोटे होने के रूप में वर्गीकृत करते हैं।

एक अन्य अध्ययन से पता चला है कि प्रति दिन एक सोडा पीने से महिलाओं को सोडा नहीं पीने वाले लोगों की तुलना में महिलाओं को गाउट विकसित करने का 75त्न अधिक मौका मिलता है। पुरुषों के लिए भी इसी तरह के परिणाम सामने आए हैं। सोडा में ऐसे तत्व होते हैं जो प्रकृति में जैविक नहीं होते हैं विशेष रूप से ऐसे लोग जो अपने अनोखे रंगों को सोडा देने के लिए अभ्यस्त हैं। इन रासायनिक रंग सामग्री को कार्सिनोजेन्स दिखाया गया है। हालांकि सोडा कंपनियां इन अध्ययनों से इनकार और मुकाबला कर सकती हैं, लेकिन चौंकाने वाला सच अभी भी प्रबल है। अगर नियमित रूप से किया जाता है और अधिक मात्रा में सोडा पीने से अक्सर किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। सोडा में पाए जाने वाले सिंथेटिक रासायनिक तत्वों की मात्रा हमारे शरीर के सिस्टम को एक विधि या किसी अन्य को प्रभावित कर सकती है। इसलिए, हमारे लिए प्राकृतिक फलों के रस और शेक जैसे स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थों को संशोधित करने का समय आ गया है।

## आजकल ज़्यदातर फिल्मों में हीरोइनों के लिए कुछ होता नहीं है, सिवाय ग्लैमर परोसने के: आरुषी शर्मा



धारावाहिक 'जग जननी माँ वैष्णोदेवी','मुस्कान' जैसे धारावाहिको में एक्टिंग करके टीवी जगत में अपनी छाप छोड़नेवाली बहुमुखी प्रतिभाशाली अभिनेत्री आरुषी शर्मा का आजकल 'दंगल टीवी' पर धारावाहिक 'रंजू की बेटियां' प्रसारित हो रहा है, जोकि दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। धारावाहिक में उनकी 'मुस्कान' की भूमिका को काफी सराहा जा रहा है। अभिनेत्री आरुषी शर्मा अपने रोल के बारे में कहती है, इसमें मैं रंजू की तीसरी बेटी बनी हूँ। मेरी माँ हम चार बहनों को पालती है, मेरे पिता माँ को छोड़ कर ललिता मिश्रा (दीपशिखा) के पास चले जाते है और वह हमारे परिवार को परेशान करती है। अभी तक मेरा किरदार एक भोलीभाली व चुटकीले अंदाज वाला था। लेकिन अब मेरा किरदार अलग तरह का होगा, जोकि दर्शकों को हैरान कर देगा। यह टवीस्ट लोगो को पसंद आएगा। फ़िल्मों काम करने के बारे में आरुषी कहती है, मैं साउथ की फिल्म साइन किया था, लेकिन करोना की वजह से शुरू नहीं हो पाई। शायद जल्द ही शुरू होगी। वैसे 'पार्ले हाइड एंड सीक' व 'टाटा टियागो कार' इत्यादि का विज्ञापन किया था, जिससे काफी फायदा हुआ।

## वन-टू-वन

### तामीनाडु पौन ब्रोकर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने रेल्वे स्टेशन पर स्वामी तेजानन्द महाराज को शिष्टाचार भेंट की



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**चैन्नई**–शुक्रवार सुबह 7बजकर 40मिनट पर तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द सघंठन के युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव रमेश भायल सीरवी प्रदेश अध्यक्ष के निजीटपाडी रेलवे स्टेशन पर तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस. मुरली ने सुबह का नाश्ता लेकर पहुंचे इसके लिए ।प्रदेश सघंठन वह मेरी तरफ प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस. मुरली का हार्दिक आभार वह उज्जवल भविष्य की शुभमगंल कामनाएं दी ।आपका सर्वे समाज सेवादार स्वामी तेजानन्द प्रदेश अध्यक्ष तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन चैन्नई।

### बच्चों को मोबाइल का कम से कम उपयोग करने दे-साइबर सेल एडवाइजरी

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**भोपाल।** देश के साथ प्रदेश में भी ऑनलाइन गेम खेलने के चक्कर में कई युवा और बच्चे अपनी जान गंवा चुके है तो कई चोरी करने लगे हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य साइबर सेल ने एडवाइजरी जारी की है। राज्य साइबर सेल द्वारा जारी एडवाइजरी में अभिभावकों से कहा गया है कि बच्चों को हो सके तो मोबाइल नहीं दें। ऑनलाइन क्लॉसेस के लिए बिना सिम कार्ड का मोबाइल दें, बच्चों को वाईफाई से इंटरनेट इस्तेमाल करने दें।बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी पर नजर रखें। परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल में प्ले स्टोर पर पैरेंटल कंट्रोल ऑन करें।पासवर्ड बच्चों को नहीं बताएं, बच्चों को हर तरह के ट्रांजेक्शन की छूट नहीं दें। खाते से पैसे कटने का मैसेज आते ही बच्चों से पैसे कटने का कारण अवश्य पूछें।



### ग्राम पंचायत नारीपुरा के सरपंच व सचिव को किया जा रहा प्रताड़ित



**ब्रजेश भदौरिया**
**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** ग्राम पंचायत नरीपूरा की सरपंच अन्नपूर्णा देवी व सरपंच राकेश भदौरिया को राजनीतिक साजिश के तहत ग्राम के ही पांच मंजीत भदौरिया के द्वारा कई समाचार पत्रों में झूठी खबरे छपवा के सरपंच व सचिव की छवि को धूमिल किया जा रहा है व सरपंच का कहना है कि मंजीत भदौरिया द्वारा सरपंच को दवाब बनाकर व्यक्तिगत लाभ लेनेकी मंशा से अखवारों में झूठी खबरें छपवाई जा रही है --जबकि ग्रान के सरपंच का कहना है कि ग्राम के सभी कार्य सासन के तय मानकों के आधार पर ही समय पर किये गए है वही सरपंच का कहना है कि मंजीत भदौरिया का सरपंच से भूमि व रास्ते को लेकर पहले से विबाद चल रहा है जिस कारण से सरपंच को धमकी भी मिल चुकी है कि यदि सरपंच द्वारा भूमि समझौता नही किया गया तो ग्राम के किसी भी कार्य को नही होने देगें जिस कारण से गांव का विकाश रुक हुआ है।

### जिला गवर्नर ए.आर.रविंद्र भट ने महेन्द्रसिंह राजपुरोहित का किया बहुमान



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**मैसूरु.** –रोटरी संस्था बनूर 09 जिला 3181 की ओर से बनूर राजकीय विधालय में दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर मेणस क्यात्नहल्ली निवासी मेधावी छात्रा जी.एस.हर्षिता को समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित की ओर से प्रतिभा पुरस्कार व विद्यासेतु पुरस्कार दे कर सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया गया द्य इस अवसर पर रोटरी संस्था बनूर के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित,कार्यदर्शी बी.एस.राजेन्द्र,रोटरी जिला गवर्नर ए.आर.रविन्द्र भट्ट, सहायक गवर्नर एस.प्रवीण, रोटरी सद्स्य टी.वासुदेव, बी.एन.सुरेश,कैम्पे गौड़ा, हनुमंत गौड़ा, मुरली गौपाल, माणकचंद काग,रोटरी स्कूल के निदेशक लिंगराजू,बनूर नगर पालिका अध्यक्ष भाग्याकृष्ण, उपाध्यक्ष शोभा सतीश उपस्थित रहे द्य संस्था की ओर से समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित को जनहित में अनुकरणीय सेवाएं प्रदान करने पर सम्मानित किया गया द्य

# आजादी का अमृत महोत्सव पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग की तरफ से हुआ जिला स्तरीय कबड्डी मैच का आयोजन

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**भिण्ड ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय कबड्डी मैच का आयोजन किया गया जिसमें जिले की लगभग 8 टीमों ने भाग लिया जिसमें फूप, कनाबर, डीडी, भिंड,, भिंड क्क क्यारी पुरा, अटेर, परा आदि टीमों ने भाग लिया जिसमें कनावर की टीम, तृतीय स्थान पर रही एवं भिंड, द्वितीय स्थान पर और भिंड क्क प्रथम स्थान पर रही जिसमें मुख्य अतिथियों के रूप में एडीजे दिलीप गुप्ता, एवं 17 बटालियन कमांडेंट अमित तोलानी,असिस्टेंट कमांडेंट शैलेंद्र भारतीय, एवं जिला पंचायत सीईओ जेके जैन, एवं सीईओ जनपद मेहगांव अमित, एवं डीएसपी हेड क्वार्टर अरविंद शाह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए एडीजे दिलीप गुप्ता के द्वारा बच्चों को कहा गया कि आप इसी तरीके से मेहनत करते रहें और हमारा जितना सहयोग बनेगा हम आपके साथ खड़े हैं मदद करने के लिए आपके जिला खेल प्रशिक्षक संजय,विष्णु त्रिपाठी प्रमोद गुप्ता से कहूंगा कि आप इन्हें और अच्छी मेहनत कराएं जिससे कि यह बच्चे राज्य में और नाम रोशन करें इसी क्रम में कमांडेंट अमित तोलानी के द्वारा बच्चों को उत्साह करते हुए कहा कि एक मैच बहुत जल्दी हम 17 बटालियन कैंपस में कराएंगे बहुत अच्छा और बच्चों का मनोबल बढ़ाया जिला पंचायत सीईओ जेके जैन ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इसी तरीके से आप मेहनत करते रहें तरक्की करते रहें और अपनी कोचों का नाम और भिंड जिले का नाम रोशन करते रहें तो जीवन में बहुत तरक्की करोगे डीएसपी हेड क्वार्टर अरविंद शाह के द्वारा कहा गया कि खेल में बच्चे बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं हमारे पुलिस विभाग के अंतर्गत खेल कोटे के अंतर्गत अब डायरेक्ट भर्ती की जा रही है जिसमें 50 कांस्टेबल 10 सब इंस्पेक्टर की भर्ती की जा रही है आप इसी तरीके से खेलते रहें और नेशनल में भी मेडल देते रहें जिससे आने वाले भविष्य में आप को भी इस भर्ती का लाभ मिल सकता है और सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों को प्रथम व द्वितीय तृतीय पुरस्कार दिया गया जिला खेल प्रशिक्षक खेल युवा कल्याण विभाग संजय सिंह के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर एवं माल्यार्पण पहनाकर उनका स्वागत किया गया एवं माइक का संचालन नेहरू युवा केंद्र के आर एस वर्मा के द्वारा किया गया इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल प्रशिक्षण संजय पंकज एवं वरिष्ठ बाबू बाबूलाल बरेला एवं नेहरू युवा केंद्र के कार्यालय प्रमुख आर एस वर्मा जी एवं वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक प्रमोद गुप्ता, जिम संचालक बादशाह सिंह गुर्जर, कबड्डी कोच विष्णु त्रिपाठी, रविकांत धाकड़ एवं खेल युवा कल्याण विभाग के नीरज सिंह बघेल, अनिल श्रीवास , सुश्री आमना बानो, सुश्री योगिता यादव, सुश्री साधना तोमर उपस्थित रहे।





## मेहगांव खाद की किल्लत से किसान परेशान, व्यबस्था बनाने मे प्रशासन बिफल, आक्रोशित किसानों ने हाइवे पर लगाया जाम

**बृजपाल सिंह गुर्जर दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव** – खाद की कमी को लेकर किसान परेशान लाइन मे लगे रहने के बाद भी नही मिल पा रहा खाद आक्रोशित किसानों ने नेशनल हाइवे पर लगाया जाम भिडं ग्वालियर मार्ग पर वाहनो की लंबी लगी कतारे वाहनो मे फंसे लोग हुऐ परेशान,

बीते दिनो से खाद बितरण व्यबस्था मे प्रशासन एक खिडकी के सहारे किसानों को खाद वितरण व्यबस्था बनाये हुऐ खाद बितरण का काम चला रहा था,

दो दिन से लगातार किसानों की बढती संख्या ने प्रशासन की व्यबस्था की पोल खोल कर रख दी ,

किसानों की माने तो उनका कहना हे कि आये दिन लाइन मे लगकर दिन भर खडे रहने के बाद भी खाद नही मिल पा रहा हे हर रोज शाम को कह दिया जाता हे कि अब कल मिलेगा ,

और जिसको मिल भी जाता है वह भी न के बराबर हे दो पांच बोरी खाद मिलने से बडे किसानों के अलावा छोटे किसानों की भी पूर्ती नही हो पा रही हे,

साथ ही कुछ लोग खाद बितरण मे भी नेताओं और प्रशासन से मिली भगत होने से प्रचुर मात्रा मे खाद ले जाने मे लगे है,

जिससे आज किसानों मे पनपे आक्रोश ने नगर के हाइवे को जाम करके शासन प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाऐ,

किसानों ने कलेक्टर मंत्री मुख्यमंत्री मुर्दाबाद के नारे लगाते हुऐ हाइवे को जाम कर दिया ।

जाम धीरे धीरे काफी लंबा हो गया वाहनो की लगी कतारे बिजलीघर ग्वालियर रोड से लेकर ज्ञानंदपुरा तक पहुची,

जाम खुलवाने आये नायव तहसीलदार रंजीत सिह ने किसानों को भरोसा दिलाया खाद दिलाने का और किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया,



### किसानों का कहना है

....विशाल तिवारी , गोलू शुक्ला, किसान,...

इन का कहना है कि हम लोग बीते रोज से आकर लाइन मे लगते है मगर खाद नही मिल पा रहा है, दिन भर लाइन मे खडे होने के बाद शाम को कह दिया जाता है अब खाद नही है कल आना, और कुछ लोग नेताओं और प्रशासन की मिली भगत से प्रचुर मात्रा मे खाद ले जा रहे है,।

## शिक्षा में नैतिक एवं मानवीय मूल्यों का समावेश आवश्यक : एसडीएम राजीव समाधिया



**केशब पडिंत**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह ।** अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह में चल रहे प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए, अम्बाह के एसडीएम. श्री राजीव समाधिया ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा में नैतिक एवं मानवीय मूल्यों का समावेश आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश उत्सब का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेशोत्सव का शुभारंभ दिनांक 5 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिवराज सिंह तोमर द्वारा किया गया। इस आयोजन हेतु कोबिड प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कला एवं विज्ञान संकाय में विभाजित कर दोनों के लिए पृथक पृथक दिनों का निर्धारण कर विद्यार्थियों को छोटे छोटे समूहों में बाँट कर तथा प्राध्यापकों को इन विद्यार्थी समूहों का मैंटर नियुक्त कर प्रात॰ 10 बजे से सायंकाल 4 बजे तक विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, खेल कूद, परिसर भ्रमण तथा मंनोरंजक एवं ज्ञान वर्धक गतिविधियों को संचालित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत डॉ. आर.ए.एस चौहान द्वारा विद्यार्थियों को विशेष मार्ग दर्शन प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम डॉं. कमल भारद्धाज के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय आई.क्यूँ. ए.सी. प्रभारी डॉं. व्ही.के. जैन के नेतृत्व में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको के सहयोग से आयोजित किया गया।



### कश्मीर में हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंका

**विवेक सेन**
**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया** जिला इंदरगढ़ के ग्वालियर चौराहे पर आतंकवाद का पुतला जलाया गया इंदरगढ़ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कश्मीर में हिंदुओं की निर्मम हत्याकांड 19 90 में हुए आतंकी घटना को दोहराते हुए कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवादीयों ने फिरसे बनाने दोहराने का प्रयास किया है इस घटना के विरोध में सभी हिंदूवादी संगठनों में खासा विरोध कर रहे हैं इस पुतला दहन में सयोजक संतोष यादव सह संयोजक अजय गोस्वामी नगर सयोजक सुमित जाट नगर सह संयोजक अजय गुर्जर मोहन सिंह प्रदुम शर्मा विवेक सेन वेटु मुदगिल दिलीप कुशवाहा विकाश चौधरी नितेश पण्डित सौरभ राजा आदि बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे !

## देश के प्रधानमंत्री का पुतला धू धू कर जलता रहा और प्रशासन चैन की नींद सोता रहा

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** देश के प्रधानमंत्री का पुतला धू-धू कर जलता रहा और प्रशासन चैन की नींद सोता रहा कहने को तो प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन हर घटना पर अपने आप को चौकन्ना एवं कर्मठ घोषित करने का प्रयास करता है और शासन के नुमाइंदे प्रत्येक कार्यक्रम पर अपनी नकेल कसने का प्रयास करते हैं चाहे कोई धार्मिक आयोजन हो या सामाजिक आयोजन राजस्व एवं पुलिस प्रशासन अपनी टांग अड़ाने का प्रयास करता है इसके लिए बाकायदा कानून एवं नियमों का हवाला भी देता है धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था और कार्यक्रमों पर नकेल कसना सिद्ध करता है सामाजिक व धार्मिक कार्य पर प्रतिबंध लगाने के लिए कमर कसे हुए हैं दूसरी ओर राजस्व प्रशासन की शिथिलता की बात कहां तक कहीं जाए इस देश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन होता रहता है और राजस्व और एवं पुलिस प्रशासन को कानो कान खबर तक नहीं होती है मामला आज के कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रधानमंत्री के पुतला दहन का है यहां सरेराह देश के मुखिया प्रधानमंत्री का पुतला जलता रहता है और पुलिस एवं राजस्व प्रशासन यदि विचार नहीं करता है पुतला दहन पर प्रतिबंध लगाया जाए विचार करने की बात है क्या पुतला दहन की पूर्व में मंजूरी ली गई थी यदि मंजूरी ली गई थी तो पुलिस एवं राज्य प्रशासन के मुखिया कहां पर थे और यदि मंजूरी नहीं ली गई थी तो भरे बाजार पुतला दहन करके आग लगाना किसी बड़े दुर्घटना कर्म का संदेश है यदि इसी प्रकार सरेराह पुतला दहन किया जाएगा और पुलिस एवं राज्य शासन को कानों कान खबर नहीं होगी तो भविष्य में कोई भी घटना घटित होती है तो उसकी भी जानकारी पुलिस एवं प्रशासन को नहीं होगी यह एक प्रकार से शासकीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही का द्योतक है देश के मुखिया का इस प्रकार से पुतला दहन होना और किसी को सूचना ना होना किस बात का संकेत है यह विचार करने योग्य है।



## जनपद के समस्त स्थानों पर थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**एडीएम प्रशासन ने थाना जलेसर, अवागढ़ पहुंच कर थाना समाधान दिवस का लिया जायजा**

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**
**पुष्पांजली टुडे**

**एटा।** शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहदेव कुमार मिश्र ने थाना जलेसर एवं अवागढ़ पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा मौजूद राजस्व एवं पुलिस कर्मियों को शिकायतों का शासन की मंशा अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व कर्मी अपने निर्धारित रोस्टर के अनुसार संबंधित थाना पर अवश्य मौजूद रहे। एडीएम ने इस दौरान थाना कार्यालय, मिशन शक्ति कक्ष में पहुंचकर मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की तथा थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्याओं को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वालंबन हेतु सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। एडीएम ने कहा कि गांवो में गरीबों एवं असहाय लोगों की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के विरुद्ध एंटी भूमाफिया एक्ट के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करते हुए कड़ी कार्यवाही करे। भूमिधरी जमीन, ग्राम समाज की जमीन से सम्बन्धित विवादों का निस्तारण त्वरित गति से किया जाये। इस अवसर पर तहसीलदार राजेश कुमार, नायब तहसीलदार रविंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी तथा पुलिस व राजस्व कर्मी सहित फरियादीगण आदि उपस्थित रहे।



### 10 किलो मावा 2 कुंटल के करीब घी 2 कुंटल क्रीम तथा मिलावट करने वाले डालडा एवं रिफाइंड की टीन मौके से बरामद

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक महोदय भिंड श्री मनोज कुमार सिंह के द्वारा चलाए जा रहे मिलावट खोरों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश खरपुसे के मार्गदर्शन में एसडीओपी महोदय श्री आरकेएस राठौर के निर्देशन में थाना प्रभारी गोरमी सुरेश शर्मा को जरिए मुख्य सूचना प्राप्त हुई की ग्राम कृपे के पुरा मैं नीलेश लोधी पुत्र रामसेवक सिंह लोधी उम्र 22 साल निवासी कृपे का पुरा के द्वारा दिवाली त्योहार एवं नव दुर्गा के त्यौहार को देखते हुए मिलावटी मावा एवं मिलावटी घी डालडा एवं रिफाइंड से भारी मात्रा में तैयार कर आम जनता को खपाने के लिए अपने घर में एकत्रित कर रहा है उक्त सूचना पर से ग्राम क्रपे के पुरा में दबिश दी गई तो करीब एक कुंटल 10 किलो मावा 2 कुंटल के करीब घी 2 कुंटल क्रीम तथा मिलावट करने वाले डालडा एवं रिफाइंड की टीन मौके से बरामद की गई मौके पर ही फूड इंस्पेक्टर श्री मति रीना बंसल को बुलाकर विधिवत कार्रवाई की गई आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 280 /21 धारा 420 272 273 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



# चिकित्साहेल्थकेयर लिमिटेड ने संजीवनी 108 एम्बुलेंस एवं जननी एक्सप्रेस के द्वारा भिंड जिले में दो लाख चबालीस हजार से अधिक लोगों को किया लाभान्वित

**अरुण शुक्ला**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में मध्यप्रदेश में पिछले कुछ वर्षो में काफी सुधार हुआ है । बात चाहे गंभीर बीमारियों की हो या दुर्घटनाओं की, सरकारी व्यवस्थाओं के चलते चंद मिनटों में पीड़ित को बेहतर से बेहतर इलाज देने की कोशिश की जा रही है। हादसे के वक्त मौके पर जाकर मरीज को मदद देने से लेकर अस्पताल में मौत को मात देने तक का काम पलक झपकते ही किया जा रहा है। यह काम उन सभी सेवाओं में सुधार करने पर हुआ है जो स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए की जा रही है। इन्हीं में से एक है जिकित्जा हेल्थ केयर लि. का इंटीग्रेटेड रेफरल ट्रांसपोर्ट सिस्टम है , जिसमें 108 एंबुलेंस, जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस सेवा और 104 हेल्थ हेल्पलाइन जिसका संचालन एकीकृत कॉल सेंटर द्वारा किया जा रहा है । कंपनी के मध्य प्रदेश में अपनी सेवाओं के सफलतम पांच वर्ष पूर्ण होने जा रहे है हैं और इन पांच सालों में राज्य के 1,07,81,778 एवं भिंड जिले के 2,44,553 लोगों को आपातकालीन सेवाएं दी जा चुकी हैं।

जिकित्जा का कॉल सेंटर देश का एकमात्र इंटीग्रेटेड आपातकालीन कॉल सेंटर है जहां सारी सुविधा मिलती है। हम अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ इन सेवाओं को जारी रखने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इन सफलतम पाच वर्षो के लिए हम मध्य प्रदेश शासन के साथ ही अपने जननी वेंडर्स का भी धन्यवाद करते है जिन्होंने हर परिस्थिति में हमारा साथ दिया। है ÷ - जितेन्द्र शर्मा;प्रोजेक्ट हेड, इंटीग्रेटेड रेफरल ट्रांसपोर्ट सिस्टम- जिकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड

**एक साल से भी ज्यादा समय से 108 एम्बुलेंस की टीम कर रही हैं कोरोना वॉरियर्स की तरह काम :** कोरोना काल के दौरान 108 टीम के सभी कर्मचारियों ने समर्पित होकर पूर्ण निष्ठा से काम किया है। मध्यप्रदेश में 1




लाख से ज्यादा कोरोना से संबंधित मरीजों की मदद की एवं भिंड जिले के लगभग 3500 से अधिक लोगों को सेवा दी जा चुकी है । कोरोना काल में हमारा स्टाफ भी संक्रमित हुआ है इसके बाद भी सेवाओं में न तो कोई कमी की गई है और न ही यह रुकी है ।

प्रदेश भर में तैनात 606 संजीवनी 108 एंबुलेंस ने 37,78,413 लोगों को दी मदद एवं भिंड जिले में 12 संजीवनी 108 एंबुलेंस के माध्यम से 90,577 लोगों को किया लाभान्वित ।

किसी भी हादसे या आपात स्थिति में आम से लेकर खास तक सबसे पहले 108 एंबुलेंस को ही याद किया जाता है। जिकित्जा कंपनी की यह आपातकालीन सेवा 24 घंटे, सातों दिन तत्पर रहती है। प्रदेश के कोने-कोने में इस सेवा का निशुल्क संचालन करने के लिए 606 एंबुलेंस तैनात की गई हैं। इनमें से 51 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस हैं जबकि बाकी एंबुलेंस बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाली है। दोनों तरह की एंबुलेंस से अब तक 37,78,413 लोगों को मदद दी जा चुकी है। कंपनी ने राज्य में आपातकालीन सेवाओं के संचालन के तरीकों में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। डायल 108 ईएमएस सेवा चौबीसों घंटे सातों दिन चलने वाला टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर है, जहाँ दुर्घटना पीड़ित और गर्भवती महिलाएं मदद के लिए कॉल कर सकती हैं। कंपनी 108 हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए और लोगों को जागरूक करने के लिए नियमित रूप से फर्स्ट रिस्पांडर ट्रेनिंग प्रोग्राम भी आयोजित करती है, ताकि वे एम्बुलेंस आने तक चिकित्सा आपातकालीन स्थितियों से बेहतर तरीके से निपट सकें। इसके अंतर्गत करीब 5 लाख से अधिक लोगो को जागरूक किया गया है ।

8 जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस ने की 64,87,458 लाख गर्भवती महिलाओं की मदद एवं भिंड जिले में 18 जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस के माध्यम से 1,53,976 लोगों को किया लाभान्वित । दुर्घटनाग्रस्त और बीमार लोगों की मदद से हटकर प्रदेश में जननी एक्सप्रेस चलाई जा रही है। यह विशेष वाहन नवजात बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। इससे गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने की ही नहीं बल्कि घर छोड़ने की सुविधा भी दी जा रही है। नवजात शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को अस्पताल लाने-ले जाने व स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाएं देने के लिए 839 जननी एक्सप्रेस (एंबुलेंस) चलाई जा रही हैं। इनके द्वारा अब तक 64,87,458 महिलाओं और बच्चों को मदद व इलाज प्रदान किया जा चुका है।

**चिकित्सा संबंधी सलाह प्रदान करता है 104 हेल्थ हेल्पलाइन सेंटर साथ की कोरोना काल में निभाई मुख्य भूमिका:** जिकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड द्वारा हेल्थ हेल्पलाइन सेंटर 104 का संचालन कर अनूठी सेवाएं दी जा रही हैं। यह हेल्पलाइन सभी तरह की जानकारियां और समाधान प्रदान करती है। कोरोना के समय भी इस हेल्थ हेल्पलाइन सेंटर द्वारा मुख्य भूमिका निभाई गई और इस के द्वारा कई लोग लाभान्वित हुए ।प्रदेश भर के सभी शहरों में आप घर बैठे इस हेल्पलाइन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी मदद प्राप्त कर सकते हैं। आपको अपनी किसी बीमारी के इलाज के संबंध में जानकारी चाहिए हो या अस्पताल या डॉक्टर का पता जानना हो।

## वन-टू-वन

### शासन बताए, करोड़ों का अनाज खुले में सड़ने क्यों दिया?



**भोपाल।** प्रदेश में करोडों रुपए की अनाज की बर्बादी को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय से जवाब तलब किया है कि शासन बताए, करोड़ों का अनाज खुले में सड़ने क्यों दिया गया? जनता से वसूले कर से ही सरकार करोड़ों रुपये का अनाज खरीदती है, लेकिन न इसके भंडारण का पर्याप्त प्रबंध है, न बारिश से बचाने की व्यवस्था। शासन बताए कि उसने करोड़ों रुपये का अनाज खुले में सड़ने क्यों दिया? इसे बारिश से बचाने के क्या प्रबंध किए गए थे? भविष्य में ऐसा न हो, इसके लिए सरकार के पास क्या योजना है? उच्च न्यायालय ने सरकार से ये जवाब उस जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मांगा है जिसमें अनाज भंडारण के अपर्याप्त प्रबंध को मुद्दा बनाया गया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में शासन की तरफ से तर्क रखा गया कि याचिका अखबार में छपे समाचारों पर आधारित है। इसे निरस्त किया जाना चाहिए। इस पर याचिकाकर्ता ने कहा कि अखबार जनता की आवाज हैं। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है।याचिका पूर्व पार्षद महेश गर्ग ने अभिभाषक मनीष यादव और अदिति यादव के माध्यम से दायर की है। इसमें बताया है कि सरकार द्वारा किसानों से खरीदे गए अनाज के भंडारण के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने से करोड़ों रुपये का अनाज खुले में रखना पड़ता है जो बारिश में भीगकर खराब हो जाता है। सरकार जनता से वसूले कर से ही उपज खरीदती है लेकिन भंडारण के उचित प्रबंध नहीं होने से हजारों क्विंटल अनाज सड़ जाता है। कोरोना महामारी ने अनाज के उचित भंडारण का महत्व बता दिया है। याचिका में मांग की गई है कि शासन को अनाज के पर्याप्त और समुचित भंडारण के प्रबंध के आदेश दिए जाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए।

# स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बना परिवार

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**उज्जैन।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा गठित किए गए स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सार्थक साबित होते नजर आ रहे हैं। कई समूहों की महिलाएं सफल रोजगार कर न सिर्फ अपने आप को आत्मनिर्भर बनाया है बल्कि घर का सहारा भी बनीं। नगर निगम अनतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सहयोग से समूह की महिलाए छोटे उद्योगो का सफल संचालन कर रही है और अपने उत्पादों को बनाकर बेचना भी प्रारंभ कर दिया।





उज्जैन नगर निगम अन्तर्गत माँ शारदा स्वसहायता समूह जिसकी अध्यक्ष श्रीमती गरीमा महावार है। उन्होंने बताया कि वे समुह के माध्यम से नवाचार करते हुए अनुपयोगी सामग्रीयों जिसमें प्लास्टिक एवं कांच की खाली बोतलें, टीन के डब्बे, अनुपयोगी प्लास्टिक इत्यादी से सजावटी सामान एवं बारदान के थेलो से पेरदान बनाए जा रहे है। पुरानी साड़ियां एवं कपड़ो से थेलिया भी बनाई जा रही है जिसे बाजार में बेचा जा रहा है साथ ही हॉट बाजारों में भी स्टॉल लगाकर थैलियों को बेचने का कार्य किया जा रहा है जिससे प्लास्टिक की थैलियों पर भी कमी आयेगी और लोग कपड़े की थैली को प्राथमिकता देंगे। समूह को नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से ?10000 राशि की आवृत्ति निधि भी प्राप्त हुई है जिससे महिलाओं ने अपना व्यवसाय प्रारंभ किया।

समूह द्वारा छोटे-छोटे स्तरों पर महिला स्वसहायता समूह गठित करते हुए महिलाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण दिलाने में भी सहायता की जा रही है। कोविड-19 महामारी के दौरान स्वसहायता समूह की महिलाओं ने वृहद स्तर पर मास्क का निर्माण किया गया, छात्रों हेतु गणवेश बनाने का कार्य के साथ ही पापड़ एवं मसाला जैसे छोटे उद्योग का संचालन करते हुए वे अपनी आजीविका अर्जित कर रही है। नगर निगम परिसर में अनुपयोगी सामग्री से नवाचार करते हुए निर्मित थ्री आर कैफे का संचालन भी समूह की महिलाओं द्वारा ही किया जा रहा है। संस्था नाबार्ड से भी जुड़ी हुई है जो ग्रामीण क्षेत्र में भी अपनी सेवाएं निरंतर रूप से दे रही है, साथ ही सिटी लेवल फेडरेशन अंतर्गत समूह को दिल्ली में वर्ष 2019 में स्वच्छता एक्सीलेंस अवार्ड में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जिसमें 1.50 लाख रूपये पुरस्कार के रूप में प्राप्त हुए। माँ शारदा स्वयं सहायता समूह द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत ग्रांड होटल पर अनुपयोगी सामग्री का उपयोग करते हुए वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी में भी भागीदारी की गई जिसमें संस्था को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# किसानों पर भाजपा द्वारा हमला कराये जा रहे हैं: हेमंत कटारे



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**भोपाल/भिण्ड।** पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने भाजपा द्वारा किसानों पर हमले कराने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को गाड़ियों से कुचला जा रहा है। आज हमारे भिण्ड सहित पूरे मध्यप्रदेश में खाद की जरूरत है। किसान घंटों लाइन में डीएपी,यूरिया, सरसों की बोनी के लिए लाइन में लगा है।सत्ता की भूखी सरकार के मुख्यमंत्री- मंत्री मध्यप्रदेश में होने वाले उप चुनाव में मस्त है।चंबल अंचल में आज किसान खाद के लिए परेशान हो रहा है। भाजपा की सरकार में न्याय मांगने वाले गिरफ्तार किये जा रहे हैं और आरोपी फरार हैं। भाजपा तालिबानी हिटलर शाही सरकार है। जो कहते थे किसान मेरा भगवान है हम इसके पुजारी है,भाजपा सरकार किसान रूपी भगवान का धन समेटकर गीट्टी-मिट्टी रेत की लूट से तिजोरिया भरने में लगे है।भाजपा सरकार की मिलीभगत होने वाली लूट को हेमंत कटारे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगा।

# डॉक्टर की लापरवाही से डिलीवरी के समय महिला के पेट के अंदर छोड़ा कपड़ा, महिला की हालत खराब

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** वार्ड क्रमांक 17 सुमेर कॉलोनी रामवीर की पत्नी ज्योति की डिलीवरी 16 सितंबर 2021 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में हुई थी डिलीवरी के समय डिलीवरी करने वाले डॉक्टर व कर्मचारियों द्वारा बच्चेदानी से ब्लीडिंग रोकने के लिए बच्चेदानी में कॉटन व कपड़ा लगाया गया था। उसके 3 दिन बाद ज्योति की छुट्टी कर दी गई। किसी डॉक्टर या कर्मचारी द्वारा बच्चेदानी से कपड़े को नहीं निकाला गया और ना ही बताया गया उसके बाद दिनांक 7 अक्टूबर 2021 को ज्योति की तबीयत अचानक बिगड़ी उसे बच्चेदानी में दर्द हुआ तब प्राइवेट डॉक्टर को दिखाया गया तो उन्होंने बच्चेदानी हैं कपड़ा होना बताया। दिनांक 9 अक्टूबर 2021 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टर विमलेश गोतम ने बच्चेदानी में कॉटन होना स्वीकार किया और कॉटन व कपड़े को निकाला। जिसकी वजह से पीडिता को काफी परेशानी व असहनीय दर्द का सामना करना पड़ा जिससे उसकी तबीयत खराब है साथ में यह भी कहा गया है कि हो सकता है अंदर इंफेक्शन हो गया हो वह इसलिए समय पर अल्ट्रासाउंड करा कर दवाई करते रहें। जब




अल्ट्रासाउंड के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में कहा गया तो उन्होंने बताया कि आज अल्ट्रासाउंड नहीं होते हैं सोमवार को आना अभी भी पीड़िता की तबीयत खराब है। जब इसको लेकर अस्पताल के बीएमओ आलोक शर्मा से बात की गई तो पहले तो उन्होंने कहा कि नहीं हमारे यहां किसी ने कपड़ा नहीं लगाया होगा। लेकिन जब बाद में डॉ विमलेश गौतम द्वारा कॉटन व कपड़ा निकाला गया तब कहीं जाकर यह स्वीकार किया और दोषी डॉक्टर व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया इसको लेकर पीड़िता के पति रामवीर कौशल द्वारा एक आवेदन अस्पताल के बीएमओ एवं एक आवेदन गोहद पुलिस थाने में दिया गया है जिसमें दोषी व्यक्तियों पर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है।

**वर्जन-** 16 सितंबर को मेरी पत्नी की डिलीवरी गोहद अस्पताल में हुई थी जिसमें डॉक्टर द्वारा कट लगाकर डिलीवरी कराई गई थी अंदर ब्लीडिंग ना हो इसके लिए कॉटन एवं कपड़ा लगाया गया था जिसे बाद में निकालना था परंतु डॉक्टर व स्टाफ की लापरवाही के कारण कॉटन एवं कपड़े को निकाला नहीं गया। आज निकाला गया है अभी भी मेरी पत्नी की हालत ठीक नहीं है।

**रामवीर कौशल** पीड़िता का पति

**वर्जन–** इस सम्बंध में मुझे कोई जानकारी नही है में दिखवाता हु

**आलोक शर्मा** बीएमओ गोहद

# दतिया गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का हुआ धूमधाम से स्वागत



### राष्ट्रीय कार्यकारिणी के कार्यसमिति सदस्य बनने पर प्रथम दतिया आगमन पर मंगल यादव महाराजपुरा और टेलो यादव जी के द्वारा तुलादान बड़ी फूल माला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी के साथ किया गया बड़े धूमधाम से स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** इस अवसर पर मुख्य रूप से धीरू दांगी जी युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष दांगी समाज के हरिओम गुर्जर जी काली पुरा मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा जी संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे समाचार से अरविंद जाट जी भान सिंह यादव जी अज्जू मामा जी कुलदीप यादव जी विक्रम यादव जी राजू यादव जी छोटू यादव जी इंद्रपाल सिंह सोलंकी जी रामसाय सरपंच रावतपुरा उदय सिंह परमार देवेश यादव दीपक यादव मनोज कुशवाहा जी पुत्तन मुखिया जी राम सिंह अहिरवार जी विनोद यादव जी अरविंद यादव जी लला यादव जी पुष्पेंद्र चौहान जी विक्रम दांगी जी भगवान सिंह बाबाजी रोनू यादव जी रवि शिवहरे जी मिंकु पाठक जी धर्मेंद्र गुर्जर जी रामू साहू जी गजराम कुशवाहा जी बंटी कमरिया जी बल्ले कमरिया जी बबलू महाराज जी विकेश कमरिया जी दीपक कमरिया जी आशीष यादव जी आनंद यादव जी मोनू पटेल जी राहुल यादव जी चिम्मू यादव जी पुष्पेंद्र दांगी जी रामू गुर्जर जी जीतू यादव जी राजू बंशकार जी धर्मेंद्र यादव जी बिल्लू यादव जी अभिषेक यादव जी नितिन यादव जी मन्नू पहलवान जी अनिल ठाकुर जी जितेंद्र यादव जी बल्लू दांगी जी रोहित यादव जी कल्लन यादव जी मोहित यादव जी अशोक विश्वकर्मा जी पंजाब सिंह गुर्जर मोनू गुर्जर जी पीतम मित्रा किशनलाल आदिवासी समस्त अन्य मित्रगण भी मौजूद रहे प्रदुम यादव जी गोपाल यादव जी विक्की यादव जी प्रशांत यादव जी अवनीश यादव जी छोटू डांगी जी यावराज सेगर हनुमत यादव जी वरुण चंदू यादव अभिषेक अभिषेक यादव करूं यादव जी बलदाऊ यादव जी बड़े यादव जी बाल किशोर यादव जी मैथिली अहिरवार कबीर अहिरवार शुगर सिंह अहिरवार कुश गुर्जर परशुराम पांचाल जी चंद्रप्रकाश दौरे जी राम कुमार दोहरे जी जगत सिंह तोहरे जी नंदकिशोर राहुल कमरिया जी ध्रुव जाट रूद्र परमार जी भरत यादव जी लाली गुर्जर सलमान खान बाकी सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# मप्र में डेंगू के मरीजों आ आंकड़ा 7 हजार के पार

**भोपाल।** मप्र में लोगों को कोरोना से राहत तो मिली, लेकिन डेंगू के डंक ने बेहाल कर दिया है। आलम यह है कि प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या 7 हजार के पार पहुंच गई है। मंदसौर डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है। यहां अब तक 1137 से ज्यादा संक्रमित मिल चुके हैं। यही नहीं, प्रदेश के 18 जिलों में 100 से ज्यादा डेंगू के मरीजों की संख्या पहुंच गई है। अक्टूबर के 8 दिन में ही 1276 मरीज मिले हैं। इन आठ दिनों में सबसे ज्यादा केस उज्जैन में 200 मिले हैं। सरकारी रिकॉर्ड में अभी सिर्फ 5 मौत हुई है, हालांकि जानकारों का कहना है कि डेंगू मरीजों की संख्या और मौत के आंकड़े वास्तविकता में अधिक है। इससे पहले 2018 में 4997 डेंगू पॉजिटिव मिले थे। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, प्रदेश के 18 जिलों में डेंगू मरीजों की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। इसमें मंदसौर में 1137, जबलपुर मं 687, इंदौर में 563, उज्जैन में 530, भोपाल में 447, ग्वालियर में 420, रतलाम में 391, नीमच में 308, छिंदवाड़ा में 241, आगर में 213, देवास में 175, सागर में 162,टीकमगढ़ में 155, धार में 125, खरगोन में 117, गुना में 104, विदिशा में 101, डिडौरी में 100 पहुंच गई है। आठ दिन में 1276 मरीज मिलेः 1 से 8 अक्टूबर के बीच प्रदेश में 1276 नए डेंगू के मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें सबसे ज्यादा मरीज उज्जैन में 200 मिले हैं। इसके बाद ग्वालियर में 165, इंदौर में 136, भोपाल में 71, नीमच में 60, मंदसौर में 57, सागर में 56, गुना में 54 समेत अन्य जिलों में मरीज मिले हैं।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले खाद्यान्न किसानों के पंजीयन के समय ही आधार नम्बर भी लिया जाए

### प्रमुख सचिव खाद्य श्री किदवई ने ग्वालियर-चंबल संभाग की समीक्षा की

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश में खरीफ वर्ष 2021-22 का उपार्जन धान के लिए 15 नवम्बर से 15 जनवरी और मोटे अनाज के लिए 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2021 है। इसके लिये समर्थन मूल्य धान कॉमन के लिए 1940 रूपए प्रति क्विंटल, ज्वार हाईब्रिड 2738 रूपए तथा बाजरा 2250 रूपए निर्धारित किया गया है। किसानों को उपार्जन के दौरान कोई परेशानी न हो, इसके लिये उपार्जन की सभी व्यवस्थायें समय रहते पूर्ण कर ली जाएँ। प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री फैज अहमद किदवई ने शुक्रवार को मोतीमहल के मानसभागार में ग्वालियर-चंबल संभाग में उपार्जन की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं। बैठक में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम श्री तरूण पिस्तोर, संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं



उपभोक्ता संरक्षण श्री दीपक सक्सेना सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव श्री किदवई ने समीक्षा के दौरान कहा है कि किसानों के पंजीयन के समय ही उनके आधार नम्बर भी लिए जाएँ। इसके साथ ही जिन किसानों का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है उन्हें लिंक कराने की कार्रवाई भी अभियान के रूप में की जाए। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण वारदानों की व्यवस्था एवं परिवहन प्लान भी समय रहते तैयार किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसानों के पंजीयन के साथ-साथ उनकी फसलों का भौतिक सत्यापन भी अवश्य रूप से करा लिया जाए। प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर पर्याप्त संख्या में वारदाना, इलेक्ट्रोनिक तौल-कांटा उपलब्ध कराने के साथ-साथ किसानों के लिये पेयजल, बैठक व्यवस्था आदि की व्यवस्थायें भी सुनिश्चित कर ली जाएँ। प्रमुख सचिव श्री किदवई ने यह भी कहा कि गोदाम स्थल पर ही खरीदी केन्द्र बन सके, ऐसी व्यवस्था भी सभी जिलों में की जाए। परिवहन का प्लान तैयार कर समय रहते सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद कर ली जाएँ। उड़नदस्ते का गठन भी किया जाए। इसके साथ ही खरीदी के साथ-साथ किसानों के भुगतान की व्यवस्था समय रहते हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की भी विस्तार से समीक्षा की गई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उपभोक्ताओं को समय पर खाद्यान्न निर्धारित मात्रा में उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्यान्न वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी करने के साथ ही जिला अधिकारियों को भी निरीक्षण के लिये जिम्मेदारी देने की बात कही गई। प्रमुख सचिव खाद्य श्री किदवई ने कहा कि प्रत्येक उचित मूल्य दुकान के पास कम से कम 60 दिन का खाद्यान्न भण्डारण करने की क्षमता हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## नैनो न्यूज

### ग्रीन गार्डन सोसायटी में हुआ गरवा का आयोजन

**ग्वालियर।** ग्वालियर की सिटी सेंटर स्थित ग्रीन गार्डन सोसाइटी में गत शुक्रवार की रात को 8 बजे से 10 बजे तक गरवा महोत्सव का आयोजन किया गया। गरवा महोत्सव एवं



इससे पहले माता की चौकी का आयोजन सोसाइटी के अध्यक्ष सृजन चौधरी और सचिव डीके मित्तल सहित सभी कार्यकारी सदस्यों के सहयोग से किया गया। इन दोनों कार्यक्रमों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रीन गार्डन गरबा महोत्सव के इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा जारी किए गए सभी नियमों का पालन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मां दुर्गा की आरती और गणेश वंदना के साथ की गई।

### कैट ने व्यापारियों को डिजिटल आजादी दिलाने सांसद विवेक शेजवलकर को दिया ज्ञापन



**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) देशभर में व्यापारियों को ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा बर्बाद किये जाने को लेकर भारत सरकार से मांग कर रही है कि इन विरोधी ई-कॉमर्स कंपनियों पर सरकार सख्ती से नियम लागू करे, जिससे भारतीय व्यापार डिजिटल आजादी को प्राप्त कर सके। कैट मध्यप्रदेश के महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने प्रदेश और जिले के पदाधिकारियों के साथ मिलकर भारत के प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री के नाम से ज्ञापन ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री विवेक नारायन शेजवलकर के निवास पर दोपहर 1.00 बजे कैट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गोयल, उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश अग्रवाल, प्रदेश सचिव राजू कुकरेजा, महेश गर्ग, राजीव चडढा प्रदेश संयुक्त सचिव श्रीमती साधना शाडिल्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज चौरसिया, जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कविता जैन, विवेक जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती रीनागांधी, श्रीमती बबिता डाबर आदि ने उपस्थित होकर ज्ञापन सौपा।

### डूबने से नहीं हुई थी युवक की मौत हत्या की गई थी

**ग्वालियर।** जिले के पिछोर थाना क्षेत्र में 2 माह पहले नहर में मिले युवक के शव की पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता चला कि युवक की मौत नहर में डूबने से नहीं हुई थी बल्कि मारपीट के कारण उसकी मौत हुई थी ।पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार माह मार्च में पिछोर थाना क्षेत्र में नहर में एक व्यक्ति की लाश मिली थी। मृतक की शिनाख्त भजन लाल मौर्य के रूप में हुई थी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर लिया था ।पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता चला कि युवक की मौत नहर में डूबने से नहीं हुई थी बल्कि उसकी मौत मारपीट के कारण हुई थी ।पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### राजमाता स्व. विजया राजे सिंधिया की जयंती 24 को

**ग्वालियर।** कैलाशवासिनी राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयन्ती का आयोजन हिंदू तिथि के अनुसार करवा चौथ के दिन अर्थात 24 अक्टूबर रविवार के दिन सुबह 9ः00 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर उनकी पुत्री एवं राज्य सरकार की खेल एवं युवक कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी अम्मा महाराज की छत्री पर पुष्पांजलि सभा में भाग लेंगी।

# नंबर ब्लॉक किया तो आंटी और ताऊजी को फोटो भेज रहा अनजान मनचला

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक मनचला सोशल मीडिया से एक छात्रा के फोटो उठाकर उन्हें एडिट कर उसी के वॉट्सऐप पर भेज रहा है। जुलाई 2021 से एडिटेड न्यूड फोटो और वीडियो भेजे जा रहे हैं। छात्रा ने वॉट्सऐप डिलीट कर दिया तो फोटो उसकी चाची और बड़े पापा के मोबाइल पर भेजना शुरू कर दिए। इस घटना से पूरा परिवार दहशत में है।

छात्रा ने अपने परिजन के साथ पहुंचकर साइबर सेल में शिकायत की थी। शिकायत करते समय छात्रा बोली है कि वह मानसिक तनाव में आ चुकी है। जल्द आरोपी को पकड़ा जाए। वह देखना चाहती है कि यह हरकत कौन कर रहा है। ग्वालियर के भितरवार निवासी 18 वर्षीय छात्रा अपनी मां के नंबर से वॉट्सऐप चलाती थी। मनचला उसके ही फोटो और वीडियो एडिट कर अश्लील बनाकर भेज रहा था। पहले छात्रा ने नंबर ब्लॉक कर दिया, लेकिन आरोपी दूसरे नंबर से यह न्यूड फोटो, वीडियो भेजने लगा। छात्रा ने कई बार आरोपी को मैसेज किया कि वह क्यों उसे बदनाम कर रहा है और इस तरह की हरकत बंद करे। वह मानने को तैयार नहीं था। लगातार



मानसिक तनाव के चलते छात्रा ने वॉट्सऐप डिलीट कर चलाना बंद कर दिया। इसके बाद आरोपी ने छात्रा की चाची के वॉट्सऐप पर छात्रा के न्यूड फोटो, वीडियो भेजना शुरू कर दिए। छात्रा की चाची ने उसके नंबर को ब्लॉक किया तो उसके बड़े पापा के मोबाइल पर फोटो-वीडियो भेज दिए।

**पुलिस का कहनाः** क्राइम ब्रांच DSP विजय भदौरिया ने बताया कि भितरवार निवासी एक छात्रा ने शिकायत की है कि उसके वॉट्सऐप पर कुछ समय से मोबाइल नंबर 8602883843 एवं 8359042542 से अज्ञात युवक द्वारा गलत तरीके से न्यूड फोटो व वीडियो बनाकर भेजे जा रहे थे। डर कर छात्रा ने उक्त नंबर ब्लॉक कर दिया। नंबर ब्लॉक होते ही आरोपी ने वही फोटो व वीडियो उसके अन्य परिजन के नंबर पर भेज दिए। मामले में IT ACT के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**छात्रा बोली- मानसिक रूप से परेशान हो चुकी हूंः** पुलिस को शिकायत करते समय छात्रा ने कहा है कि सर, मैं मनचले की इस हरकत से मानसिक रूप से परेशान हो चुकी हूं। घर में बदनामी हो रही है। उसे जल्दी पकड़ो। पुलिस को आशंका है कि छात्रा के फोटो, वीडियो सोशल मीडिया से आरोपी ने उठाए होंगे। पुलिस ने जिन नंबर पर वॉट्सऐप चल रहा है उनकी डिटेल निकालना शुरू कर दी है।

# नशे के सौदागरों पर पुलिस भारीः यूपी से भिंड के रास्ते ग्वालियर में लाए थे स्मैक

**ग्वालियर।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी, इटावा से स्मैक की खेप लेकर भिंड के रास्ते ग्वालियर में आए दो स्मैक तस्करों के गैंग को क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर पकड़ा है। जिससे पहले यह गैंग स्मैक को युवाओं के खून में घोलने के लिए खपा पाती क्राइम ब्रांच के हाथ लग गई। सबसे पहले सिरोल में बायपास पर पुलिस ने नैनागिर रोड से एक स्मैक तस्कर को पकड़ा।

उससे बाइक के साथ 105 ग्राम स्मैक मिली। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने पीछे आ रहे दूसरे गैंग का खुलासा किया। जिस पर क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर भिंड रोड से कार सवार दूसरे गैंग को भी पकड़ा है। दोनों गैंग से कार, बाइक सहित 25 लाख रुपए की स्मैक बरामद हुई है। कुल तीन स्मैक तस्कर पकड़े गए हैं। अभी पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।





**बाइक सवार पकड़ा मिली, 105 ग्राम स्मैकः** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी ने बताया कि सूचना मिली थी कि नैनागिरी रोड पर एक तस्कर स्मैक की बड़ी खेप लेकर आने वाला है। इसका पता चलते ही एसआई सतीश यादव, नरेन्द्र सिंह व क्राइम ब्रांच के जवानों की टीम बनाकर मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचाई गई। इसी समय एक स्प्लेण्डर बाइक पर सवार युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और क्राइम ब्रांच ने युवक को पकड़ लिया। तस्कर की तलाशी ली तो उसके पास से करीब 105 ग्राम स्मैक के साथ ही दो हजार रुपए नकद मिले हैं। पुलिस ने उससे बरामद बाइक को जब्ती में लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने पहचान नरेश चौहान पुत्र सीताराम चौहान निवासी सत्यनारायण की टेकरी के रूप में दी। पूछताछ में बताया कि दो तस्कर ग्वालियर में स्मैक खपाने बरेठा पुल पर आ रहे है।

**कार सवार दो बदमाश पकड़े, मिली 100 ग्राम स्मैकः** सिरोल में पकड़े गए गैंग से पता लगा कि एक और तस्करों की गैंग स्मैक की बड़ी खेप लेकर आ रहे तो एसआई नितिन छिल्लर व एएसआई राजीव सोलंकी के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की दूसरी टीम को रवाना किया गया। जिस पर बरैठा टोल के पास से क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई कर दो आरोपियों को एक कार क्रमांक MP07 NM-3328 सहित पकड़ा है। जिनके पास से करीब 100 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

### असमानताओं से भरी दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य सेमिनार का आयोजन

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह में शुक्रवार 8 अक्टूबर को ÷असमानताओं से भरी दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य÷ विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। प्रदेश में 5 से 11 अक्टूबर की अवधि में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाया जा रहा है। सप्ताह में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सेमिनार मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम पर आयोजित किया गया। मिशन संचालक सुश्री प्रियंका दास ने सेमिनार के उदघाटन सत्र को संबोधित किया। विभागाध्यक्ष, मानसिक रोग विभाग, एम्स, भोपाल के डॉ. विजेन्द्र सिंह ने मानसिक समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में असमानताओं से स्थिति निर्मित हुई है।

# डीएड की फर्जी मार्कशीट पर 8 साल से स्कूलों में पढ़ा रहे थे 9 टीचर, कोर्ट के आदेश पर हुई रिपोर्ट



**ग्वालियर।** ग्वालियर में फर्जी टीचर्स का खुलासा हुआ है। कोर्ट के आदेश पर थाटीपुर थाना पुलिस ने 3 महिला टीचर सहित 9 लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिक्षक बनने के लिए इन लोगों ने डीएड की फर्जी मार्कशीट लगाई थी। यही नहीं, वह पिछले 9 साल से स्कूलों में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे थे। मामला वर्ष 2013 का है। एक साल से शिकायतकर्ता ने थाने के चक्कर लगाए, लेकिन पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद कोर्ट में याचिका दायर कर दी। कोर्ट ने स्नद्धक्र के निर्देश दिए। थाटीपुर थाना पुलिस को करीब एक साल पहले पत्रकार पंजाब सिंह गुर्जर ने दस्तावेज सौंपकर मामले से अवगत कराया था कि इन 9 लोगों की डीएड की अंकसूची फर्जी है। इसके दम पर इन लोगों ने जिला पंचायत व जनपद पंचायत के माध्यम से जिले के विभिन्न स्कूलों में शिक्षक व सहायक शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति ली और आराम से नौकरी कर रहे हैं। पुलिस को यह प्रमाण भी दिया था कि सभी की वर्ष 2013 की जॉइनिंग है। फरियादी पंजाब सिंह गुर्जर ने जनपद व जिला पंचायत से इन लोगों की डीएड की मार्कशीट निकालकर उसकी कॉलेज व विश्वविद्यालय स्तर पर जांच कराई। कहीं भी इन लोगों के डीएड करने का रिकॉर्ड नहीं मिला। दस्तावेज पुलिस को सौंपने के बाद भी पुलिस अफसर मामले को अटकाए रहे। परेशान होकर वर्ष 2020 में फरियादी ने कोर्ट में याचिका लगा दी। बीच में कोविड के चलते कोर्ट बंद रहे। अब जाकर कोर्ट ने इस मामले में केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं। जिसके बाद थाटीपुर थाना पुलिस ने 9 शिक्षक व सहायक शिक्षकों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। थाटीपुर पुलिस ने अनीश कुमार, बलवान सिंह, राजेन्द्र शाक्य, सुनील कुमार जाटव, राजेश जाटव, अनूप कुमार दुबे, लता रावत, मिथलेश यादव, मीरा यादव के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

# तुलसी व पीपल का पेड़ जरूर लगायेः पं विजय शर्मा

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय युवा मंच के द्वारा बीते रोज दंदरौआ धाम मंदिर दीनदयाल नगर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर मुख्यअतिथि के रूप समाजसेवी विजय शर्मा मौजूद रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष पं कृष्णकान्त तिवारी द्वारा की गयी। वृक्ष हमारे जीवन में अति महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, लेकिन आज भी हम सभी केवल सौ सज्जा वाले वृक्षों पर ज्यादा ध्यान देते हैं जबकि फलदार व हवादार वृक्षों पर ध्यान न मात्र का देते हैं। हम सभी की जरूरत है, कि इम सभी अपने आस-पास व हवादार एवं फलदार वृक्ष जरूर लगावे ताकि आने वाले समय में हम अपने जीवन को सुखमय बना सके यह बात मुख्यअतिथि के रूप में सम्मलित होने के लिये आये समाजसेवी विजय शर्मा ने वृक्षारोपण के शुभअवसर पर कही। वृक्षारोपण कार्यक्रम में युवाओं ने करीब 10 पीपल एवं तुलसी के पेड़ों को लगाकर के उनकी देखभाल की जिम्मेदारी



स्वयं ली। अखिल भारतीय युवा मंच के द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी पं. कृष्णकान्त तिवारी ने बताया, कि यह कार्यक्रम युवा मंच के द्वारा कोई पहला कार्यक्रम नहीं है। दीनदयाल नगर का युवा भति भॉति जानता है, कि देषहित के कार्य कैसे किये जाते हैं। इसके लिये यहॉ के युवाओं की जितनी भी तारीफ की जाये कम है। इसके लिये मैं सभी युवा भाइयों का साधुबाद करता हूॅ। वृक्षारोपण के अवसर पर प्रमुख रूप से भागवताचार्य पं सच्चिदानंद जी महाराज, युवानेता गौरव योगी, दंदरौआधाम कमेटी की अध्यक्ष अंकुर श्रीवास, अभिषेक वर्मा, पंजाब सिंह, नकुल एवं अनेक युवा उपस्थित रहे।

# बैंकिंग समस्या निराकरण एवं बैंकिंग फेयर का आयोजन 25 को 'चेम्बर भवन में

**ग्वालियर ।** बैंकिंग संबंधी समस्याओं का निराकरण एवं बैंकिंग फेयर का आयोजन सोमवार 25 अक्टूबर,2021 को चेम्बर भवन में किया जायेगा। इसका निर्णय 'चेम्बर भवनक्र में आज सायं 4.30 बजे आयोजित वित्त एवं बैंकिंग उपसमिति की बैठक में लिया गया। बैठक में एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल सहित उपसमिति संयोजक-रामकुमार चोपड़ा, सदस्य-त्रिलोकचंद अग्रवाल, अजय चोपड़ा, संजय नीखरा, राहुल जैन एवं विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में अशोक शर्मा उपस्थित रहे। एमपीसीसीआई के पदाधिकारियों ने बताया है कि प्रायः यह देखा जाता है कि व्यापार लोन, उद्योग लोन, कार लोन, होम लोन आदि के लिए व्यापारी, उद्योगपति और आमजन को बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसी को लेकर बैंकिंग उपसमिति की बैठक आयोजित की गई। उसमें तय किया गया है कि एक दिवसीय बैंकिंग फेयर संस्था में 25 अक्टूबर,2021 को आयोजित किया जायेगा। इसमें सभी बैंकों को आमंत्रित किया जायेगा। एमपीसीसीआई के सदस्यों के साथ ही सभी व्यापारी, उद्योगपति एवं आमजन इसका लाभ ले सकेंगे। प्रत्येक तीन माह में यह फेयर आयोजित करने का प्रयास किया जायेगा। नये उद्यमियों के लिए भी सेमीनार आयोजित किये जायेंगे। दिनांक 25 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 10.30 से 11.30 बजे तक उद्घाटन सत्र एवं समस्या समाधान शिविर रहेगा। 11.30 से शाम 5.30 बजे तक बैंकिंग फेयर आयोजित किया जायेगा।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478